Total subsidies declined compared to last year's revised estimate by about Rs.26,571 crore. This will lead to continuation of the tight liquidity situation that the fertilizer companies have faced in the recent past. The spillover would also lead to part of the budgeted subsidy for 2013-14 being utilized to pay the subsidy commitment of 2012-13. Consequently, the budgeted subsidy for 2013-14 is likely to be lower even if the government announces a 15-25% lower subsidy for phosphorus and potassium nutrients for 2013-14 as is expected and is likely to lead to a further spillover to 2014-15. Sharp increase in domestic gas prices, if any, will call for additional subsidy, while upward revision in urea prices will lower the backlog amount to some extent. Again, the education sector received at 17 per cent jump with an allocation Rs.65,867 crore for 2013-14 fiscal, but actually it is an eye wash since it is based on the reverse estimate and little to meet the goals . With the RTE deadline coming to an end on March 31 for fulfilling all provisions, how this little increase can meet the demands.

The 'mool mantra' of Budget 2013 is inclusive and sustainable development, says the FM. But the fact is, there is no substance in the Budget which tells us how the directions of growth will be environmentally sound. Instead, the FM talks about the Cabinet Committee on Investment, which has been set up to fast-track clearances. There is no indication in the speech that this drive for investment will be cognizant of the need for sustainability and will strengthen, not weaken, the regulatory system that governs green clearances. But as the 12th Plan draft document suggests, there is a strong case for reform in the implementation of the programme. It would have been good if the Finance Minister had demanded more effective working as he provided more money. The crippling drought in Maharashtra tells us that these funds are not used for what

they are provided-building ecological assets to regenerate village economies and provide water security.

The 'mool mantra' of our Hon'ble Minister seems to be misplaced. The empirical facts emerging from the government sources reveal that the number of holding in the marginal and small category has increased between 2005-06 and 2011-12. Operational holdings in these categories joined together stands at around 83.6% (2011-12). The same is true when it comes to the situation of Scheduled Caste' (SC) and Scheduled Tribes (ST). How the so called equity is attained when its most important resources, its people, find it difficult to sustain on day-to-day basis? Hon'ble Minister has missed the point that money is the means and not the end in itself.

Kerala is totally disappointed with the Union Budget 2013-14. No new project has been announced for Kerala in the budget. The allocations for its ongoing projects were meager. When a decision was taken to set up new two ports in Andhra Pradesh and Bengal, the dream project of Trivandrum-Vizhinjam project went ignored with no fund allotted. IIT – a long term need of the state got ignored in Chidambaram's budget. 21 projects for development of inland water transport sector were proposed by the Governmnet of Kerala under Centrally sponsored scheme. Nothing has been done for this in the current budget. Industry in Kerala also disappointed with Budget.

I conclude with the strong conviction that the present budget has overlooked the dire needs of the poor in our country and it is anti-people and directionless.

***डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में आर्थिक स्थिति डगमगा गई है । वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है वह बजट सिर्फ शब्दों की बाजीगरी है, मगर उसमें न तो गरीबों की, न तो किसानों की और न तो मध्यम वर्ग के लिए कोई प्रावधान किया गया है ।

आज देश की आर्थिक हालत चिंताजनक है । ऐसे दौरे में वित्त मंत्री जी ने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर फिर से लाने की एक बड़ी कोशिश में चूक हो गई हैं । देश की मुद्रा स्थिति कमजोर हो गई है और देश का जीडीपी कम हो गया है ।

2012-13 के ईकोनोमिक्स सर्वे में राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.3% और 2013-14 में 4.8% लाने की बात की गई है । मुझे आश्चर्य होता है कि इस बजट में वित्त मंत्री जी ने राजकोषीय घाटे को कम करने पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए है । पूरे देश में एक करोड़ से ज्यादा करदाता का आकलन, सिर्फ 42,800 लोग बताए गए हैं । मैं समझता हूं कि ये आकलन एक मजाक है । मैं दावे के साथ कहता हूं कि ये आंकड़ा अकेले दिल्ली में ही पांच से दस गुना हो सकता है और पूरे देश में टिप ऑफ आईसबर्ग के समान है ।

अगर वित्त मंत्री जी ने एक करोड़ रिटर्न फाईल करने वाले का सही आंकलन के लिए प्रयास किए होते तो राजस्व घाटा कम करने में कारगर होता । उन 42,800 करोड़ से ऊपर रिटर्न फाईल करने वाले धनिकों पर वित्त मंत्री जी ज्यादा ही महेरबान हुए है और उनको सिर्फ एक साल तक 10% अधिभार लगाया गया है । मेरा मानना है कि राजकोषीय खाद्य घटाने की अगर राजकीय इच्छाशक्ति होती तो अपर रेश्यो स्लेब 30% बढ़ाकर 35% करना जरूरी था । धनिकों के लाभ में ही ये बजट है । ऐसा लगता है ।

आम आदमी की दुहाई देने वाली इस सरकार ने उनके कर में उनका मजाब उड़ाते हुए सिर्फ 2000 रूपये का मामूली ईजाफा दिया है ।

मैं बताना चाहता हूं कि पूरे देश में ऑनेस्टली आयकर का भुगतान कर्मचारियों द्वारा ही किया जाता है । छठे पगारपंच एवं महंगाई की बजट से सभी कर्मचारियों का वेतन बढ़ा है । आज के दौर में क्लॉस डी कर्मचारियों की आय भी टैक्सेबल हुई है । ये सब कर्मचारियों को कर में कुछ ठोस छूट देने के बजाय, वित्त मंत्री जी ने आम आदमी के साथ विश्वासघात किया है और उनके साथ क्रूर मजाक किया है ।

---

* Speech was laid on the Table

वित्त मंत्री जी ने बजट में तीन बचन दिए हैं । महिलाएं, युवा और गरीबों के लिए वचन दिया है । वो सिर्फ भ्रामक और चुनावी एजेंडा का एक भाग ही है ।

ये तीनों तीन मुद्दे, गुजरात के मुख्यमंत्री जी ने किए प्रभावी विकास के मुद्दे की सिर्फ नकल है । फर्क इतना हे कि गुजरात में मुख्यमंत्री जी की ठोस इच्छाशक्ति है, मगर यहां खाली हाथ, खोखले वायदे और राजकीय इच्छाशक्ति का अभाव है । गुजरात में महिला सशक्तिकरण, विवेकानंद जी की 150वीं जन्म जयंती के तहत युवाओं के लिए नए अवसर और 1000 गरीब कल्याण मेलों के तहत गरीबी दूर करने के ठोस परिणाम लक्षी प्रयास हुए है ।

दलितों एवं वनवासियों के लिए कोई ठोस आवंटन नहीं है । मेरी मांग है कि उनकी जनसंख्या के हिसाब से बजट में आवंटन होना चाहिए ।

किसानों के लिए सिर्फ खोखले वायदे हैं । वित्त मंत्री जी ने जनसंख्या के आधार पर 10000 से ऊपर वाले तीन प्रकार के शहरों की परिभाषा तय की है और उनमें दो किमी. से लेकर 10 किमी. तक की कृषि जमीन पर एक फीसदी वेल्थ टैक्स लगाया है । इसकी बजट से आज के दौर में कृषि की जमीनों का मूल्य लाखों और करोड़ों तक पहुंच गया है । वित्त मंत्री जी इस योजना से किसानों को चाहे उपज हो या फिर सूखा हो, फिर भी वेल्थ टैक्स के रूप में लाखों रूपयों का भुगतान करना पड़ेगा । ये कृषि के विरोधी निर्णय है उसे वापिस ही लेना पड़ेगा ।

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): माननीय सभापति जी, बजट पेश होने से पहले इस पूरे देश में हर मोर्चे पर लगभग पिछड़ चुकी या फेल कह लीजिए, यह सरकार जो आने वाले वर्ष में, जो चुनावी वर्ष कहा जा रहा है, बजट पेश होने से पहले जो इस देश में चुनावी बजट से लोक सभा चुनाव की आहट का जो अंदाजा था, बजट पेश होने के बाद पूरे देश में एक निराशा का भाव पैदा हो गया है। लोगों के मन में, इस देश का जो बेबस, लाचार था, उसका ख्याल है और मैं इस बात को इसलिए कह रहा हूं कि कभी जिन्होंने अपना जो फ्लैगशिप प्रोग्राम गिव एण्ड टेक के आधार पर बनाया था कि जो कैश सीधे खाते में ट्रांसफर करेंगे, इससे इस देश के जो गरीब लोग थे, किसान, मजदूर, नौजवान थे, वे काफी आशान्वित थे कि शायद हमारे लिए इस बजट में बहुत कुछ मिलेगा। लेकिन हुआ क्या, खोदा पहाड़, निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। आज पूरा देश, जो जी.डी.पी. का आंकड़ा है, बहुत सारे हमारे विद्वान, अर्थशास्त्री इस पर बहुत चर्चा करते हैं, आज पूरा देश जी.डी.पी. के आंकड़ों में उलझ गया है। इस देश का भला मेरी समझ से तो तब तक नहीं हो पाएगा, जब तक देश में रहने वाला गरीब, किसान, नौजवान, जी.डी.पी. क्या चीज़ है, मैं समझता हूं कि सदन में लोग जानते होंगे, लेकिन जिनका हम प्रतिनिधित्व करते हैं, जो चुनकर हमें भेजते हैं, वे बेचारे जो किसान हैं, गरीब हैं, बुनकर-नौजवान हैं, वे जी.डी.पी. क्या है, नहीं जानते, क्योंकि, पूरे भाषण में जो अंग्रेजी का शब्द है, इसका मतलब नहीं समझ पाते, इसलिए मैं कहता हूं वित्त मंत्री जी, इस देश का भला तब तक नहीं हो सकता, जब तक आम लोग भी इस जी.डी.पी. का मायने नहीं समझ पाएंगे।

इसके लिए हमें मूल चीज़ क्या करना चाहिए, यह आप भलीभांति जानते हैं, लेकिन जो आपका बजट भाषण है, उसमें आपका जो मूल मंत्र है, हमारा लक्ष्य समावेशी और स्थायी विकास के साथ उच्च वृद्धि दर को हासिल करना है, यही मूल मंत्र है। माननीय वित्त मंत्री जी, यह मूल मंत्र आपका आज कोई नया नहीं है। यह पुराना मूल मंत्र आपका है, इस देश से गरीबी भगाने और गरीबी हटाने का। आजादी से लेकर अब तक, मैं समझता हूं कि सबसे ज्यादा आपकी पार्टी ने इस देश पर शासन किया है। आज इतने दिन तक शासन करने के बाद जो मूल मंत्र है, वह मूल मंत्र जो कभी आपका संकल्प रहा होगा, सोच और सपना रहा होगा, आज पूरे देश में कहीं दिखाई नहीं देता। आज इस देश में वह जो आपका मूल मंत्र था कि सब को बराबरी का हक मिलेगा, आज इस देश में लगता है कि दो देश खड़े हो गये हैं, एक इंडिया और एक भारत। इंडिया में रहने वाले वे लोग, जो बड़े-बड़े उद्योगपति, पूंजीपति हैं और भारत में रहने वाला वह गरीब, जो किसान है, बुनकर है, नौजवान है, जो गांवों में, गलियों में, झोंपड़ियों में रहता है। आज जिसे भरपेट भोजन नहीं, रहने को मकान नहीं, पहनने को कपड़ा नहीं मिलता है और सबसे ज्यादा दुख तो तब

होता है, जब इस मुल्क में वह, जो सोच रही होगी, इस देश में इन्सान और इन्सानियत की बहाली के लिए, दुर्भाग्य है कि आज भी इस मुल्क में रहने वाले ऐसे इन्सान हैं, जिन्हें जानवर की तरह समझा जाता है। हमारे साथी कह रहे थे, यह सही है कि आज इस देश में रहने वाले ऐसे गरीब हैं, जो गरीब हैं, पत्तल बनाते हैं, छोटे-छोटे काम करके अपनी जीविका चलाते हैं। मैं तो जानता हूं, ऐसे भी गरीब हमारे क्षेत्र में रहने वाले हैं, जो मुसहर बिरादरी के भी लोग हैं, जो आदिवासी हैं। पत्तल बनाते हैं, पत्तल बनाने के बाद उन्हें दूसरे लोगों के साथ बैठने का अधिकार नहीं है, खाना तो दूर की बात है। वित्त मंत्री जी, हमें इस पर विचार करना होगा कि जो ट्राइबल के लोग हैं, उनके बनाये हुए पत्तल में तो बड़े लोग खा लेते हैं, लेकिन खाना खाने के बाद बड़े लोग पत्तल में बची हुयी रोटी को फेंकते हैं, जिस पत्तल की रोटी को लेने के लिए कुत्ता दौड़ता है, उसी रोटी को लेने के लिए गरीब आदिवासी दौड़ता है। आज इंसान और जानवर में फर्क कहां है? यह शोषण है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, आज अमीर, अमीर हो रहा है और गरीब, गरीब हो रहा है। आपके जो तीन वचन थे, उनको मैंने देखा। आपने किसानों के लिए बहुत कहा ...(व्यवधान) देश में जो बढ़ती जनसंख्या है, सबको रोजगार के अवसर मिलने चाहिए, तीन वचन में यूथ पर बहुत चर्चा हो रही है। आपने तीन वचन दे दिए, मुझे लगा कि तीन वचन वे हैं, जिनको पूरा करना चाहिए, पूरे होते थे, लेकिन वे तीन वचन, नौजवानों को रोजगार मिलना चाहिए, आज पूरी तरीके से बजट में इसका अभाव है। जो कृषि का क्षेत्र है, जो सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराता है, उसके लिए आपने कितना पैसा दिया है? यह पूरा देश जानता है।

माननीय सभापति महोदय जी, मैं जरूर चाहूंगा कि रोजगार के सृजन की एक बहुत बड़ी चुनौती इस देश में है, उस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा का भी बहुत बड़ा विषय है। हम कृषि के लिए कम, लेकिन मशीनरी उत्पादन के लिए ज्यादा चिंतित हैं। मशीनरी का उत्पादन इस मुल्क में घट जाए, उसकी चिंता नहीं है, लेकिन वित्त मंत्री जी जिस दिन किसान का उत्पादन घट जाएगा, यह देश भुखमरी के कगार पर चला जाएगा। इसलिए किसानों की तरफ बहुत ध्यान देने की जरूरत है।

कल मेरे साथी कह रहे थे कि मिनिमम सपोर्ट प्राइज को दोगुना कर दिया गया है। आप इसे दोगुना करके अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। क्या आपने देखा कि इस देश में महंगाई का आलम क्या है, खाद की कीमत कितनी बढ़ गयी, बिजली का रेट कितना बढ़ गया? आपने डीजल पर सब्सिडी खत्म की, बीज का रेट, खाद का रेट, पानी का रेट बहुत बढ़ गया है। इसके मुकाबले आपने कहां एमएसपी बढ़ायी है? वित्त मंत्री जी, मैं कहना चाहूंगा कि एक तरफ आप डेफीसिट कम करने का प्रयास कर रहे हैं, आज किसान की तरफ कोई ध्यान नहीं है। जो सब्सिडी 96 हजार करोड़ रूपए थी, उसे आपने 65 हजार करोड़ रूपए कर दिया। माननीय वित्त मंत्री जी, आपने क्या ध्यान दिया जो सब्सिडी कम कर रहे हैं? जो टैक्स

एग्जंप्शन है, जहां टैक्स को बढ़ाना चाहिए, आप उस क्षेत्र में क्या कर रहे हैं? मैं आपका ही एक उदाहरण पढ़ना चाहता हूं। आपका पूरा बजट लगभग 16 लाख करोड़ रूपए का है। आपने जो टैक्स एग्जंप्ट किया, इसका आपके पास लेखा-जोखा है। वित्त मंत्री जी का पूरा का पूरा फोकस देश के गरीब किसान पर नहीं, बुनकर नौजवान पर नहीं, बल्कि देश में जो पूंजीपति हैं, उनकी चिंता आपको ज्यादा है और गांव का जो गरीब किसान है, उसकी चिंता कम है। माननीय मंत्री जी, मैं आपका ही बयान पढ़ना चाहता हूं, जो 12 फरवरी, 2007 का है। अभी आपने जो टैक्स में एग्जंप्ट किया, पांच लाख करोड़ से ज्यादा का है। आपने वर्ष 2007 में कहा था, 'Subsidies for poor should continue; exemption for rich scrapped'. जो सब्सिडी गरीबों को दी जानी चाहिए, गरीबो के लिए इसे कंटीन्यू करनी चाहिए, और टैक्स एग्जेम्पशन को रोकना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री जी का भी बयान है। आठ जनवरी, 2007 को, प्रधानमंत्री ने फिक्की के वार्षिक बैठक में कहा है कि 'In the long run, we should not have too many tax exemptions.' यह माननीय प्रधानमंत्री जी का कहा हूआ है और आप दोनों लोगों का बयान है। लेकिन, आज क्या हो रहा है? आज ठीक इसका उल्टा हो रहा है। आपको टैक्स नेट को बढ़ाना चाहिए, आप उनको छूट देते जा रहे हैं। उसमें से आप 20 परसेंट भी कम कर देते तो मेरी समझ से इस देश में लाखों करोड़ों की सब्सिडी घटा रहे हैं, आज गरीबों और किसानों पर महंगाई का जो बोझ लाद रहे हैं, उससे आपको छुटकारा मिल सकता था।

माननीय वित्तमंत्री जी इच्छा शक्ति की कमी की वजह से मैं समझता हूं कि यह सब हो रहा है। मैं इच्छा शक्ति का उदाहरण भी देना चाहता हूं कि वर्ष 2007 में बहुजन समाजवादी पार्टी की सरकार थी। बहन मायावती जी हमारी मुख्यमंत्री थीं। सत्ता में आने के बाद जो फिसकल डेफिसिट 4 परसेंट था, वर्ष 2012 में घट कर 2.9 हो गया। वर्ष 2007 में, जीडीपी का जो 43 परसेंट था उसे उन्होंने कम कर के 32 परसेंट पर ला कर दिखा दिया। यह क्यों हुआ? यह इच्छा शक्ति की कमी थी और रेवेन्यू बजट सरप्लस था। यह इसलिए हुआ कि पूंजितियों का जो एग्जेम्पशन था, वह नही दिया। उन्होंने कर्जे को कम कर के, गरीब की भलाई के लिए काम शुरु कर दिया। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, मैं आप से जरूर चाहूंगा कि जिस किसान की बात बड़े पैमाने पर हो रही थी, आप ने सात लाख करोड़ की बात कही है। जो क्रेडिट आपने दिखाया है। आपका एक बयान है। आज वह किसान जो गेहूं, चावल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आलू पैदा करता है, आज आप के गोदाम में अनाज सड़ रहे हैं। उनके रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। वह किसान जब गेहूं, चावल पैदा करता है तो उसके खरीदार नहीं होते हैं। किसान औने-पौने दाम में अपने लोकल मंडी में फसल बेचने को मजबूर हो जाते हैं। आज उत्तर प्रदेश में धान का जो उत्पादन हुआ, मैं नहीं समझता कि

इसकी कमी से उत्तर प्रदेश और भारत सरकार किसानों से कौन सी दुश्मनी निकाल रहे हैं। यह मुझे पता नहीं है। आज कोई उनकी धान खरीदने वाला नहीं है। यह जो किसान है जिनके पास गोदाम नहीं है। मैंने पिछली बार भी कहा था कि मनरेगा पर बहुत सारे सवाल खड़े हो रहे हैं, जो मनरेगा का पैसा है उस पर ब्लॉक स्तर पर, माननीय वित्त मंत्री जी आप तो विद्वान अर्थशास्त्री हैं, अगर इसकी दुरुपयोग की कहीं संभावना बनती है, तो आपके पास गोदाम नहीं है। गोदाम में भी अनाज सड़ रहे हैं तो यदि ब्लॉक स्तर पर पैसे का सदुपयोग चाहते हैं, अगर गोदाम बन जाता तो मैं समझता हूं कि पांच-दस किलोमीटर रेडियस में रहने वाले जो किसान हैं उन किसानों के अनाज को सड़ने से बचाया जा सकता है। लेकिन आप ऐसा नहीं कर रहे हैं।

वित्त मंत्री जी, आपने तीन वचन - महिला, युवा और गरीब व्यक्ति को दिए हैं। मुझे व्यक्तिगत रूप से यह शब्द अच्छा नहीं लगा। मैं समझता हूं कि मेरी तरह इस देश में तमाम गरीब, बेबस और लाचार लोग हैं। तीसरा रूप गरीब व्यक्ति का है जो छोटी सी सहायता जैसे छात्रवृत्ति, भत्ते, सब्सिडी अथवा पेंशन के लिए सरकार की ओर देखता है। ऐसी हालत क्यों हुई। देश में रहने वाले गरीब व्यक्तियों की संख्या बड़े पैमाने पर है। वे आज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं कि हमारे लिए वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में इस तरह का शब्द लिखा है कि सरकार की तरफ टकटकी लगाकर देख रहा है कि हमें भी कुछ मिलेगा। मैं इससे व्यक्तिगत रूप से आहत हूं। आप काफी समय से सरकार में हैं तो आज ये हालात क्यों पैदा हुए। गरीब, किसान मेहनतकश है और पसीना बहाकर, खेती में काम करके आप तक अनाज पहुंचाता है। वह खुद भूखे पेट सोने पर मजबूर हो जाता है। आपको उन गरीब लोगों की तरफ देखने की जरूरत है। आपने बहुत कुछ किया, एससी, एसटी के लिए काफी पैसा दिया। अपने बजट भाषण में उनके लिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक का समावेश किया। इस देश में ओबीसी भी बड़े पैमाने पर रहते हैं। आपने एक बार भी उनका नाम लेना उचित नहीं समझा। आपके बजट भाषण में यह स्पष्ट नहीं है कि ओबीसी के लोगों को क्या दिया। ...(व्यवधान) हम हर समाज की बात करते हैं। जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी, तब हमने हर समाज के लिए, ओबीसी के लिए भी कार्य किया। जब से मंडल कमीशन लागू हुआ, जिनका आरक्षण पूरा नहीं हो पाया था, जब बहन मायावती मुख्य मंत्री थीं तब ओबीसी का बैकलॉग पूरा किया गया। उनके लिए तमाम योजनाएं चलाई गईं। गरीब बच्चे जिनका पैसे के अभाव में इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज में एडमिशन नहीं हो पाता था, वह भी इंजीनियर, डाक्टर बनें, इसके लिए उन्हें सरकारी खजाने से लाखों रुपये की मदद दी जाती थी। आप कह रहे हैं कि एससी,एसटी का पैसा दूसरे मद में ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। आपने यह कौन सी बड़ी बात कर दी। जब पैसा उनके लिए आवंटित है तो उसे दूसरे मद में खर्च करने का सवाल कहां पैदा होता है। लेकिन आपके मन में कहीं न कहीं शंका है कि कहीं अधिकारी गड़बड़

न कर दें, क्योंकि पहले जो पैसा एससी,एसटी के डैवलपमैंट के लिए दिया गया था, उसे आपने सीडब्ल्यूजी में खर्च कर दिया। मैं उस पर चर्चा नहीं करना चाहता। माननीय वित्त मंत्री जी को यही आशंका रही होगी।

आप कह रहे हैं कि एफडीआई, एएफआई या विदेशी वाणिज्यिक उधार पर निर्भर हैं। हम कहां कह रहे हैं कि आप एफडीआई मत लाइए। आप पावर सैक्टर, पेट्रोलियम, सर्फेस ट्रांसपोर्ट में एफडीआई लाइए। आप परचून बेचने वाले के लिए एफडीआई ला रहे हैं, सब्जी बेचने वाले पर ला रहे हैं, किराने की दुकान में एफडीआई ला रहे हैं। यह कहना कि इसका स्वागत करने के अलावा हमारे पास कोई रास्ता नहीं है, इस मुल्क का दुर्भाग्य है। जिस भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, इस मुल्क में अंग्रेज मसाले का व्यापार करने आए थे। उनके यहां से लूटकर जाने के बाद भी तब की जीडीपी बहुत ऊपर थी। आज हम कहां खड़े हैं।

वित्त मंत्री जी, आज विदेशी ताकतें, दुनिया के तमाम मुल्क जो भारत की तरफ देख रहे थे, आज हम उनकी तरफ टकटकी लगाये देख रहे हैं कि शायद कुछ इन्वेस्टर्स आयेंगे, शायद हमें बचायेंगे। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि आपका जो कर्ज माफी का फ्लैगशिप प्रोग्राम था, वह बहुत महत्वपूर्ण था। आपने वर्ष 2008 में 52 हजार करोड़ रुपये की ऋण माफी की योजना लागू की थी। किसानों को राहत देने के नाम पर आज उसकी हालत क्या है, सीएजी की रिपोर्ट उसकी गवाह है। जो जरूरतमंद किसान थे, वे आज उससे वंचित हो गये। मैं कहना चाहता हूं कि हम किसान हैं और बहुत पिछड़े इलाके से आते हैं। जो ईमानदार, गरीब, छोटे-छोटे सीमांत किसान थे, जिन्होंने छोटे लोन लिए और ईमानदारी से उन्होंने बैंकों का कुछ पैसा भी दे दिया। जिन लोगों के लिए आपने योजना बनायी, उनका ऋण माफ नहीं हुआ। जो किसान यह नीयत बना चुके थे कि ऋण लेने के बाद हमे यह ऋण वापस नहीं देना है, उन्हीं के लिए यह योजना बनायी गयी। इसलिए हमें इस तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है।

वित्त मंत्री जी, आप किसानों की बात करते हैं, सिंचाई और बाढ़ की बात करते हैं। आपने पूरे देश की सिंचाई और बाढ़ राहत के लिए केवल 698 करोड़ रुपये दिये हैं। इतने बड़े देश में बाढ़ राहत के लिए आपने जो 698 करोड़ रुपये दिये हैं, वह काफी नहीं है। मैं उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र, जो सबसे पिछड़ा इलाका है, वहां से आता हूं। चाहे गोरखपुर मंडल हो, आजमगढ़ मंडल हो या बस्ती हो, उधर का जो भी इलाका है, वह बाढ़ से प्रभावित है। उनके लिए आज तक कोई परमानेंट उपाय नहीं किया गया है। हमारा कहना है कि यह पैसा एक प्रदेश के लिए बहुत कम है। आपने बाढ़ के नाम पर सिर्फ 698 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, मैं समझता हूं कि इसे बढ़ाने की जरूरत है।

वित्त मंत्री जी, आपने मनरेगा की बात कही। आप किस तरीके से उलट-फेर करते हैं? आपने 33 हजार करोड़ रुपये का जो एलोकेशन दिया था, उसमें से 29 हजार करोड़ रुपये ही खर्च हुए और 4 हजार

करोड़ रुपये बच गये। आप कह रहे हैं कि इस बार हमने फिर 33 हजार करोड़ रुपये दिए हैं और इस स्कीम में 4 हजार करोड़ रुपये ज्यादा दिये गये हैं। हमारा कहना है कि उसमें 4 हजार करोड़ रुपये कम खर्च हुए। पहले जितना पैसा दिया गया था, उतना ही अभी दिया गया है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी हमें उलझाने की जरूरत नहीं है।

13.58 hrs. (Mr. Deputy Speaker *in the Chair*)

वित्त मंत्री जी, मैं बुनकर इलाके से आता हूं। पूरा पूर्वांचल चाहे बनारस हो, मऊ, जो हमारे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय है, वहां बड़े पैमाने पर बुनकर रहते हैं। कई बार इस संबंध में हाउस में भी चर्चा हुई है। चाहे भदोही हो, बनारस हो, टांडा, फैजाबाद, गोरखपुर हो, आजमगढ़ का बुनकर, मुबारकपुर जहां की बनारसी साड़ी पूरी दुनिया में मशहूर है। ...(व्यवधान) इलाहाबाद, मऊ आदि है। आपने बुनकरों के लिए क्या किया है? इस देश में एग्रीकल्चर सैक्टर के बाद बुनकरों की संख्या सबसे ज्यादा है। आपने टैक्सटाइल मिनिस्ट्री में बुनकरों के लिए जो बजट दिया है, उसे 30 परसेंट कम कर दिया।

माननीय वित्त मंत्री जी, इस देश का बुनकर आपसे या इस सरकार से कैसे आशा करेगा कि यह सरकार इस देश के बुनकरों की हिफाजत के लिए, उनकी बदहाली के लिए कुछ करेगी? आज आपने खासकर हैंडलूम सैक्टर में सिल्क पर ड्यूटी बढ़ा दी। पिछली बार जो ड्यूटी 5 परसेंट थी, उसे आपने 15 परसेंट कर दिया है। इससे यह संदेश जाता है कि यह जो मरकजी हुकूमत है, वह इस देश के बुनकरों के हित के लिए नहीं है। देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों के पास इस देश के 15 लाख करोड़ से लेकर 23 लाख करोड़ रुपये टैक्स एग्जम्पशन्स के रूप में हैं।

14.00 hrs.

माननीय वित्त मंत्री जी, हैंडलूम सेक्टर में काम करने वाले साथियों के बारे में मैंने कई बार कहा था। आपने पहली बार में यार्ड सप्लाई स्कीम के लिए 350 करोड़ रु. दिये थे। इस बार आपने केवल 96 करोड़ रु. दिये हैं। आप कहते हैं कि हैंडलूम सेक्टर में हम उन्हें आगे ले जाएंगे। मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हैंडलूम सेक्टर में रहने वाले देश के बुनकर, जो अपने शारीरिक श्रम को बचाने के लिए यदि 25 एम्पीयर का मोटर लगा लेते हैं, तो उसे पावरलूम की परिभाषा में शामिल करके, हाथ से काम करने वाले बुनकरों के साथ आपने धोखा किया है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि ऐसे बुनकरों के लिए आपको कुछ करने की जरूरत है। 96 प्रतिशत बुनकर, जो हाथ से काम करते हैं, केवल शारीरिक श्रम से बचने के लिए जो जुगाड़ लूम चलाते हैं, इसे हथकरघा की परिभाषा में शामिल करके, जो केन्द्रीय

सरकार से मदद मिलती है, उससे उनके पलायन को रोकने के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास करना चाहिए।

माननीय वित्त मंत्री जी, इन्हीं सारे शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि जो देश के किसान हैं, नौजवान हैं, खासकर मुसलमान, जो अल्पसंख्यक बिरादरी के लोग हैं, उनकी बेहतरी के लिए, उनकी बेहबूदी के लिए आप बहुत कुछ काम करते हैं। उनके लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रोग्राम चलाये। जो मल्टीसेक्टोरल एसडीपी का प्रोग्राम था, उन्हें आपने आज तक पूरा नहीं किया। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी आज मैं चाहूंगा, हमारी जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार थी, जहां उनके जान-माल की सुरक्षा थी, उनकी बेहबूदी-बेहतरी के लिए उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बहन मायावती जी ने उनके लिए अरबी-उर्दू कालेज से लेकर उनके हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में उनकी बेहतरी के लिए काम किया। गन्ने की जहां तक बात है, उसमें भी पुराने जमाने का बकाया, जो पांच सौ करोड़ रु. से ज्यादा था, जब हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में थी, सारे किसानों का बकाया हमने अपने संसाधन से उन्हें देने का काम किया है।

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री दारा सिंह चौहान : इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी, मैं आपसे जरूर अनुरोध करना चाहूंगा कि यदि आप इस देश से गैर-बराबरी को खत्म करना चाहते हैं, सामाजिक गैर-बराबरी को दूर करना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से देश में रहने वाले जो किसान हैं, नौजवान हैं, उनकी बेहतरी और विकास के लिए आपको और कुछ राशि आवंटित करने की जरूरत है।

[*] **SHRIMATI PRIYA DUTT (MUMBAI NORTH-CENTRAL) :** I would like to appreciate the efforts of the Hon'ble Minister to have presented a very balanced and prudent budget in the present scenario in which we are facing many economic challenges. The efforts on the part of the Hon'ble Minister in trying to get back to potential growth rate of 8 percent which is the biggest challenge facing our country is very clear, as he says with conviction that we have done it before and will do it again.

He has created a road map of optimism stating that higher growth leading to inclusive and sustainable development is to be the *mool mantra* without any compromise on our social schemes and encouraging inclusive growth.

His emphasis on economic welfare is clearly drawn out with focus on opportunity, education, health, women and children.

The 2 most important pillars of a developing nation are health and education. If we can provide affordable and quality healthcare to the people of our country we can ensure a robust, healthy and productive population. In this context, I would like to begin by saying that private health providers are responsible for delivering nearly 80 percent of tertiary healthcare in India. Unfortunately, heart disease, cancer, neurological disorders, kidney problems and many other are becoming extremely expensive for the common man; many times the poor patients just give up or lose their life's earning in getting the treatment. The situation on ground is pitiable that people lose their lives and loved ones only due to lack of funds.

To encourage private participation in quality healthcare to poor patients there is a need to give the necessary incentives to them, one such measure is to remove the import duties on expensive medical equipment's, most of which are not manufactured in India. Such as MRI, dialysis machines, CT, Cathlab, Linear accelerator, these equipments account for 75% of total cost of all medical equipments in setting up the hospital. This will encourage even the private

[*] Speech was laid on the Table.

hospital to cater to the poor patients through government funded low cost schemes by reduction of costs and make it feasible. India is short of 2 million hospital beds and a proportionate number of medical equipment. This move will encourage more private participation in the healthcare sector along with the other of our very beneficial schemes.

Another concern I would like to bring forth to the Hon'ble Minister is the reduction of funds for the much needed integrated child protection scheme from 400 crores to 300 crores for the year 2010-11. By the end of the 11th year plan all states and union territories except J&K had signed ICPS Mou with the centre. This is, therefore, the time to increase the allocations for ICPS, but there has been non.

In fact the recurring costs for maintaining five basic structural components of ICPS viz. state child protection society, district child protection society, child welfare committees, juvenile justice boards and childline services as per the requirements of law comes to 505 crore, over 200 crore more than the present allocation. In 2011,the crimes against children reported a 24% increase from the previous year. We read the horrific acts committed against children everyday, this is the time to strengthen ICPS before the situation worsens further.

When we speak about education for all, all means children with disabilities as well and for achieving inclusive education we have to ensure more special educators and necessary infrastructure. Though at the elementary level, education for disabled children has become part of SSA, SSA schools are not yet equipped with all the necessities to ensure inclusive education such as infrastructure and special educators, on the other hand, inclusive education for the disabled at secondary education has declined by 28.57% which is a matter of concern.

I know it is a fine balance of prudence and expenditure and between economic growth and economic welfare. I do but humbly request the hon. Minister to please consider these suggestions to ensure inclusive growth in our country.

[*]**श्री गणेश सिंह (सतना)** वित्त मंत्री श्री चिदम्बरम जी, द्वारा पेश किया गया र्वा 2013-14 का बजट अत्यंत निराशाजनक तथा देश की अर्थव्यवस्था को चौपट करने वाला बजट है। एक दिन पूर्व प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में तीन प्रमुख क्षेत्रों को कृाि मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ाने और मुद्रास्फीति कम करने का संकेत दिया गया था। लेकिन प्रस्तुत बजट में इन तीनों प्रमुख क्षेत्रों की पर्याप्त उपेक्षा तथा आंकड़ों की बाजीगरी दिखाकर देश को भ्रमित करने की कोशिश की गई है।

यूपीए सरकार को एक उत्साही राष्ट्र तथा मजबूत अर्थव्यवस्था का शासन विरासत में मिला था। उस वक्त न तो महंगाई थी और न ही बाजार में मंदी थी। विकास दर 8.4 प्रतिशत थी। आज विकास दर घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। लक्ष्य चाहे जितनी विकास दर हो। 12वीं पंचवर्षीय योजना में निर्धारित कर लें, वह कागजों में होगा। वस्तुस्थिति यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पटरी से बाहर जा चुकी है। मुद्रास्फीति बढ़ती जा रही है। मार्केट से सट्टा जोरों पर है। इसीलिए महंगाई पर नियंत्रण सरकार का खत्म हो गया है।

वित्तीय घाटे को कम करने के लिए जो सब्सिडी दी जाती थी वह भी धीरे-धीरे कम की जा रही है और इसका सीधा असर आम उपभोक्ता तथा किसानों पर पड़ रहा है।

देश की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है और सबसे उपेक्षित क्षेत्र यूपीए सरकार में कृषि का है। किसानों के ऊपर बढ़ते हुए लागत खर्च तथा कर्ज का अत्यंत बोझ है जिससे वह आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। वर्ष 2008 में केन्द्र सरकार ने किसानों का 65 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया था। उसमें से भी 22 प्रतिशत से अधिक पात्र किसानों का कर्ज माफ नहीं किया गया और 30 प्रतिशत से अधिक अपात्र किसानों को लाभ दे दिया गया। इस पर भी घोटाला हो गया। वैसे यूपीए सरकार का पूरे 10 वर्षों का इतिहास विशेष रूप से दूसरा कार्यकाल घनघोर घोटालों के लिए पूरी दुनिया में जाना जा रहा है। इस सरकार की उपलब्धि यदि इतिहास में कोई याद रखी जाएगी तो सिर्फ घोटाले याद रखे जायेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय ने अभी हाल ही में अपनी एक टिप्पणी में कोयला ब्लॉक आबंटन में प्रथम दृटया केन्द्र सरकार की गलती को प्रमाणित किया है। प्रधानमंत्री जी ने भ्रटाचार के मामले में अपना शुरू से नरम रूख अपनाया था। इसीलिए घोटाले पर घोटाले होते जा रहे हैं। संसद के हर सत्र में एक नया घोटाला सामने आया है।

जो वायदे किये गये थे, उनमें 100 दिनों में महंगाई घटाने का, एक वर्ष में विदेशों में जमा काले धन को वापस देश में लाने का, वह सब भूल गये। महंगाई दानव की तरह देशवासियों को खाये जा रही है।

---

[*] Speech was laid on the Table

विदेशों में जमा काला धन लाने के रास्ते खोलने के बजाय बंद कर दिये गये। देश में एफडीआई लाकर जो छोटे रोजगार धंधे थे उसे भी समाप्त करने का फैसला कर दिया। इससे करोड़ों लोगों के हाथ से रोजगार छिन जाएगा। जो किसान उत्पादन करने वाले हैं। उनको एक ऐसा बाजार मिलेगा जिसमें बड़े माल वालों का एकाधिकार होगा और मनमाने कम दाम पर कृषि उत्पाद को खरीदेंगे।

केन्द्र सरकार को कृषि क्षेत्र को मजबूत करना चाहिए , क्योंकि जिस क्षेत्र में 70 फीसदी लोग काम कर रहे हों उस क्षेत्र को मजबूत करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होनी है, देश की आत्मनिर्भरता बढ़नी है। दुनिया में वही देश तरक्की कर पाये हैं जिन्होंने कृषि क्षेत्र को मजबूत किया है। चीन आज सबसे बड़ा उदाहरण है। अमेरिका अपने देश के किसानों को 100 प्रतिशत सबसिडी देता है, जिससे लागत खर्च कम होता जा रहा है। इसलिए किसान उत्साहित होकर कृषि के उत्पादन को बढ़ाने में दिन रात मेहनत कर रहा है।

जबकि हमारे देश में खेती का धंधा पूरी तरह घाटे का हो गया है। कृषि में उत्पादन खर्च रोज बढ़ रहा है। उस अनुपात में फसल का दाम नहीं मिल रहा तथा किसान निराश हो रहे हैं। खेती से भाग रहे हैं। जिसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

देश के रेल बजट में कृषि के लिए जो आबंटन है अत्यंत कम है, जिसे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों को सिंचाई, बिजली की आपूर्ति तथा सस्ते बीज, सस्ती खाद की आपूर्ति की जा सके। खाद के दाम 300 गुना बढ़ गये। फसल का दाम उस अनुपात में कुछ भी नहीं है। मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार जैसे कई राज्य कृषि को मजबूत बनाने के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। इसीलिए मध्य प्रदेश की कृषि विकास दर आज देश में सबसे आगे 19.89 प्रतिशत तक पहुंच गयी है और यह तभी संभव हो सका है जब वहां सिंचाई का औसत रकबा बढ़ाया गया। बिजली की पर्याप्त आपूर्ति दी गयी, गेंहू एवं धान का समर्थन मूल्य के ऊपर उठकर बोनस देकर किसानों को प्रोत्साहित किया है। ऐसा सभी सरकारों को केन्द्र सरकार से पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए जो कि नहीं मिल रही है।

देश में बेरोजगारी दिनोंदिन बढ़ रही है। उस अनुपात में रोजगार बढ़ने के बजाय घट रहे हैं और इस दिशा में केन्द्र सरकार ने पेश हुए बजट में ठोस उपयोगी प्रावधान नहीं किया।

केन्द्र सरकार मनरेगा चलाकर करोड़ों लोगों को रोजगार दे दिया ऐसा प्रचार कर रही है। इससे पढ़े-लिखे युवाओं का अपमान लगातार हो रहा है। केन्द्र सरकार के सभी विभागों में रिक्त पदों की भर्ती नहीं हो रही है।

देश आज भी गरीबी से जूझ रहा है और गरीबों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन योजना आयोग ने गरीबी रेखा की सूची का जो नया मापदंड ग्रामीण क्षेत्र में 26 रूपया तथा शहरी क्षेत्रों में 32

रूपया जो अपने परिवार पर रोज खर्च कर रहा है वह गरीब नहीं माना जायेगा, इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है। केन्द्र सरकार के योजना आयोग को जमीनी हकीकत का पता ही नहीं है। एक तरफ अमीरी बढ़ रही है उसी तरह गरीबी भी बढ़ रही है। गांव आज भी बुनियादी जरूरतों के मोहताज हैं। मैं लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र की पेयजल, सिंचाई, राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 500 आबादी तक के सभी गांवों को जोड़ने तथा वरगी बांध की दायीं तट नहर को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने की लंबे समय से मांग करता रहा हूं, लेकिन आज तक उसकी स्वीकृति नहीं दी गयी। मेरे क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 75 एवं 7 दोनों को फोर लेन बनाने की स्वीकृति तो दी गई है लेकिन आज तक काम प्रारंभ नहीं किया गया।

मेरे लोक सभा क्षेत्र के प्रत्येक 1 हजार आबादी वाली पंचायतों को नई पेयजल योजना दी जाये तथा 2000 आबादी वाले गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जायें। सतना जिला एक औद्योगिक जिला है। सतना हवाई अड्डा राज्य सरकार को हस्तांतरित करके उसकी लंबाई बढ़ाई जाये तथा हवाई सेवाओं का परिचालन प्रारंभ किया जाये। मेरे क्षेत्र के अंतर्गत सतना से डुमरिया-इलाहाबाद मार्ग का निर्माण कर रा-ट्रीय राजमार्ग घोाित किया जाये।

केन्द्रीय सड़क निधि से सतना-रीवा मार्ग से प्रिडम सीमेर वम्हौरी, हिनौती, मलगांव, धुधायहाई, गोरहया, खम्हरिया, अकौना, आवेर मार्ग का निर्माण कराया जाये।

ओरछा, खजुराहो, पन्ना, सतना, वाणसागर, बांधवगढ़, अमरकंटक, कान्हा को राट्रीय टूरिस्ट सर्किट में जोड़ा जाये। सतना में आईआईटी कॉलेज खोला जाये।

मैं वित्त मंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र की उक्त समस्याओं के समाधान हेतु अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करायी जाये।

*श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर) बजट 2013 में 55 करोड़ युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की कोई व्यवस्था न करके केवल कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की है। देश की सत्तर प्रतिशत ग्रामीण आबादी को बेहतर कृि तकनीक एवं खाद व डीजल पर टैक्स घटाकर किसानों की दशा सुधारने के लिए कोई योजना न बनाकर गरीबों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मोबाइल, टेबलेट्स एवं लैपटाप जैसे गैजेट्स की खरीद पर टैक्स 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा हताश एवं निराश हैं।

युवा बेरोजगार, जो कार्य न मिलने से हताश व निराश हैं तथा जीविकोपार्जन के लिए संर्घारत हैं, को जीवन यापन हेतु बेराजगारी भत्ते की बजट में कोई व्यवस्था नहीं है। देश में बेरोजगार युवाओं की बढ़ती संख्या चिंता का विाय है। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग के कारण भी अन्य देशों में कार्यरत तकनीकी दक्ष भारतीय युवा बेरोजगार हो रहे हैं, उनकी मेधा व क्षमता के उपयोग के लिए बजट में कोई कार्य योजना नहीं है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुए लगभग 7 वा से अधिक का समय हो गया है लेकिन पुस्तकालय एवं छात्रावासों के उच्चीकरण सहित केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आज तक मेडिकल कालेज एवं इंजीनियरिंग कालेज नहीं है और अभी तक स्नातक स्तर पर भी कृि शिक्षा की स्थापना नहीं हो सकी। इनमें से किसी भी कार्य के लिए बजट में कोई पैकेज नहीं है।

गंगा एवं यमुना हमारी राट्रीय धरोहर है। गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण का गठन तो किया गया है लेकिन बीओडी व जल प्रबंधन की सुचारू व्यवस्था हेतु अतिरिक्त बजट का आवंटन नहीं किया गया है।

इलाहाबाद का गंगापार क्षेत्र उत्तर प्रदेश का अग्रणी सब्जी उत्पादन केन्द्र है। यहां बड़ी मात्रा में लघु सीमान्त कृाक सब्जी उत्पादन के कार्य में लगे हैं, लेकिन स्टोरेज की समस्या के कारण किसान फसल का समुचित मूल्य नहीं प्राप्त कर पाते जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है। किसानों को सब्जी भण्डारण के लिए बजट में जैविक स्टोरेज के निर्माण हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

नेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी खेलगांव, झलवा, इलाहाबाद के जिम्नास्टिक प्रशिक्षुओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद अंतर्राट्रीय प्रतियोगिताओं, राट्रमंडल एवं एशियन गेम्स में पदक प्राप्त कर विदेशों में देश का नाम रोशन किया है। अंतर्राट्रीय स्तर की जिम्नास्टिक स्पर्धा में पहला पदक प्राप्त करने का श्रेय इसी एकेडमी को है परंतु संस्थान के खिलाड़ियों के समुचित प्रशिक्षण हेतु वातानुकूलित प्रशिक्षण हाल सहित अन्य किसी भी सुविधा के विकास के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

---

* Speech was laid on the Table

ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व मजदूर वर्ग जो सीमित संचार संसाधनों का प्रयोग करता है के लिए एक तरफ सेटटॉप बॉक्स अनिवार्य किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर टी.वी. एवं सेट टॉप बॉक्स पर सीमा शुल्क को बढ़ा दिया गया है जिससे मनोरंजन के साधन आम आदमी से दूर हो रहे हैं।

इस बजट में युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं खिलाड़ियों की उपेक्षा की गयी है।

*DR. RATNA DE (HOOGHLY): The Union Budget, when crafted by Mr. Chidambaram, raises expectations. Unfortunately, this year, in his 8th Budget he has failed to fulfil those expectations. Challenges were primarily three. And in all the three areas, his efforts were less than optimal.

Given the large deficit and economic slowdown, Finance Minister's first two challenges were fiscal consolidation and boosting growth.

Although he claims to reduce fiscal deficit to 4.8% of GDP in 2013-14, in reality he will remain far short of this target. His fiscal consolidation plan relies heavily on Spectrum Auction and disinvestment proceeds. But it is well known by now that no operator had shown interest in taking spectrum at such high reserve price. Moreover, "the one-time spectrum fee issue" is before the Supreme Court. The government may not get this money during the budgetary year.

Now coming to growth, we have heard Mr. Chidambaram speaking about the need for growth. But where are the proposals to incentivise and boost growth? There was hardly any remedial measure to revive investors' confidence. Instead he preferred to rely excessively on Foreign Investment. Naturally, he was much bothered about Credit-Rating of India and fulfilling the FRBM target. As a result, he was unable to stimulate a slow economy either by tax cut or by raising expenditure.

The government has tried to give an impression that by taxing the rich, it is pro-poor. But its other policies are anti-people. The Finance Minister has proposed to cut subsidies by almost 10% next year, primarily in the areas of petroleum products. This deregulation of diesel prices will have cascading impact on already existing high inflation rate and reduce the real income of farmers, poor people and middle class substantially.

* Speech was laid on the Table

On social sector expenditure & inclusiveness, government is full of rhetoric. There has not been any increase in Social Sector Expenditure, when one compares this year's Budget allocations with last year's Budget allocations. The increase is visible only if one cleverly compares this year's Budget estimates with last year's Revised estimates. This is true for all the flagship programmes like NREGA, Indira Awas Yojana, and Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. As for Health, allocations last year were over 1% of GDP. This Budget, it is less than even 1%.

Through the Budget Finance Minister tried to target new Political Constituencies such as Women and the Youth. Thankfully, our voters are sufficiently intelligent. Women understand very well that a Rs 1000-crore 'Nirbhaya Fund' can no way ensure their safety and security. If at all this ‘Nirbhaya Fund’ may pave the way for another scam. For safety and security of women what is needed inefficient governance and complete change in male psyche. Again for unemployed youth taking up skill-oriented course, there had a one-time payment of Rs 10,000 in the Budget. What is required for the youth of today is sufficient job creation, and not a one-time monetary sop.

Before I conclude, I must reveal the important fact that Central Government is trying to reach its fiscal deficit target at States' expense. Mr. Chidambaram has reduced the share of States in central taxes by 3.4%. He has proposed to make a provision of Rs 9,000 crores for Central Sales Tax Compensation - which is too little. This would create a road-block in rolling out of GST in coming years.

There has been a long standing demand for moratorium on behalf of West Bengal. But hasn’t been considered seriously. The annual debt servicing i.e. Annual Interest Principal Repayment comes to the tune of 26,000 crores which is almost equal to state’s own tax revenue. Sir, I would request to Hon’ble Finance Minister to consider for an interest and repayment of moratorium in the form of annual growth for a period of 3 consecutive years.

The prices of raw jute need revision. The hike in price has caused agony for farmers who are already aggrieved and distressed.

****श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा)** झारखण्ड राज्य एक जनजातीय एवं ग्रामीण बहुल प्रदेश है, तथा यह पूरा क्षेत्र उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित है। इस क्षेत्र में यातायात के साधनों का बहुत ही अभाव सहित यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पेयजल एवं यातायात के साधनों की कमी के कारण यह पूरा प्रदेश आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अभी तक पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में व्याप्त आधारभूत सुविधाओं की भारी कमी की ओर सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं एवं माननीय वित्त मंत्री जी से भी आग्रह करना चाहूंगा कि वह देश के आम बजट में कृपया निम्नलिखित लोकहित के मुद्दों को सम्मिलित करने का कट करें-

झारखंड प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संसाधन, कृि एवं रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं का विशो ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। यहां की जलवायु, यहां के वन एवं खनिज संपदा आदि इस प्रांत के सकारात्मक पक्ष हैं। कृि एवं वन उत्पादित पदार्थो पर आधारित यहां के लोगों का जीवन, वर्तमान परिपेक्षय में अपने आपको बहुत ही पिछड़ा हुआ महसूस करता है। ग्रामीण एवं जनजाति बहुल झारखंड प्रदेश की ओर विशो ध्यान देने की आवश्यकता है।

सर्वप्रथम मैं सरकार का ध्यान 12वीं पंचर्वाीय योजना में झारखंड राज्य में बनने वाले एम्स की चर्चा करना चाहता हूं। मेरे पास प्राप्त जानकारी के आधार पर एम्स निर्माण के संबंध में केन्द्र स्वास्थ्य मंत्रालय, योजना आयोग को प्रस्ताव भेज चुका है। परंतु अभी तक इसके निर्माण की कोई दस्तक सुनाई नहीं दे रही। आज पूरे झारखण्ड प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है, पूरा पप्रदेश अच्छी चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण परेशान है। इस प्रदेश के लोगों को इलाज के लिए तमिलनाडु के वैल्लोर सहित कोलकता, दिल्ली एवं चंडीगढ़ आदि चिकित्सा की दृटि से समृद्ध शहरों की ओर जाना पड़ता है। यदि झारखण्ड राज्य में एम्स का निर्माण हो जाये तो इस अस्पताल के माध्यम से पूरे राज्य के लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

दूसरा, पूरे प्रदेश में शिक्षा की बहुत बुरी स्थिति है, चाहे वह उच्च शिक्षा हो, या प्राथमिक शिक्षा हो। झारखण्ड प्रदेश के लिए आदर्श स्कूल योजना के तहत कुल 89 विद्यालयों के निर्माण का अनुमोदन किया गया था, जिनमें से अभी तक केवल 40 विद्यालयों का ही अनुमोदन हो सका है, बाकी का क्या हुआ, उच्च शिक्षा वह भी तकनीकी शिक्षा, रोजगार परक शिक्षा के सुधार की आवश्यकता है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विशो पैकेज दिये जाने की आवश्यकता है।

तीसरा, झारखण्ड प्रदेश में कृि की बहुत बुरी स्थिति है। इस प्रदेश में मुख्य रूप से र्वाा आधारित कृि होती है, परंतु गत र्वाों में देखा गया है कि अपेक्षाकृत र्वाा भी बहुत कम हो रही है। ऐसे में यहां जल प्रबंधन की बहुत अधिक आवश्यकता है। यहां की कुल 80 प्रतिशत जनता कृि पर निर्भर रहती है। यहां के

* Speech was laid on the Table

किसान के लिए अच्छी कृाि योजनाएं चलाए जाने की आवश्यकता है। जैसे कृाि बीमा, उत्तम एवं सस्ते बीज और खाद मुहैया करवाना, सिंचाई हेतु उचित जल प्रबंधन की व्यवस्था करना।

झारखण्ड प्रदेश में बिजली की आपूर्ति आम जन को नहीं मिल पा रही है। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत किये गये कार्य की गुणवत्ता बहुत ही खराब है कि वहां आये दिन ट्रांस्फार्मर फुक जाते हैं वैसे भी इस योजना कार्य बहुत ही धीमा और अव्यवस्थित चल रहा है। जिसका सीधा असर यहां के आम जन मानस पर पड़ रहा है, बिजली व्यवस्था की स्थिति को सुधारने के लिए अविलम्ब सुधार की आवश्यकता है।

शुद्ध पेयजल हेतु आज पूरा प्रदेश परेशान है। प्रदेश के लगभग 8 जिलों के भूजल में फ्लोराइड की मात्रा तय सीमा से अधिक पायी गई है। इस प्रदेश में पेयजल हेतु सरकार को व्यापक पहल करने की आवश्यकता है।

मेरे द्वारा उठाये गये इन ज्वलंत मुद्दों को ध्यान में रखते हुए यह आशा रखता हूं कि निश्चित रूप से इन सभी समस्याओं के निवारण के हेतु सदन में पेश किये आम बजट में अवश्य ही सम्मिलित कर इनका समाधान करवाने की कृपा करेंगे।

अपने वक्तव्य के अंत में मैं सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, बिजली, पेयजल, कृाि सहित उपरोक्त सभी लोकहित के मुद्दों के समाधान हेतु आम बजट में झारखण्ड राज्य को विशो आर्थिक पैकेज दिया जाये।

[*]**श्री महेन्द्रसिंह पी.चौहाण (साबरकांठा)** : देश के आम बजट से भारत के आम जनमानस को बहुत उम्मीदें थीं। हर भारतीय के सामने एक ही सवाल था कि क्या यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्तमान चुनौतियों से बाहर निकाल पाने में सफल हो सकेगा? बजट प्रावधानों को पढ़ने के बाद हर भारतीय को झटका लगा है। महंगाई से त्रस्त देश का हर नागरिक यह महसूस करता है कि यह बजट निराशाजनक तथा जनविरोधी है। देश के कामगारों, किसानों, बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं और बच्चों के लिए कल्याणकारी उपायों की दृटि से यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है।

सरकार ने बजट में आंतरिक सुरक्षा उपायों की उपेक्षा की है, सरासर अनदेखी की है। अगर सरकार आतंकवाद और उग्रवाद की रोकथाम के प्रति चिंतित होती तो इससे निपटने के लिए बजट में पर्याप्त धनराशि देती। गौरतलब कि वित्त मंत्री जी स्वयं गृहमंत्री रह चुके हैं। इस र्वा आंतरिक सुरक्षा पर बजट पिछले साल से भी कम कर दिया है, जबकि चीन ने अपने सुरक्षा बजट में 10 प्रतिशत इजाफा किया है जोकि हमारे सुरक्षा बजट से तीन गुना ज्यादा 115 बिलियन डॉलर है।

गांवों में सड़क निर्माण की राशि में 2300 करोड़ रूपए की कटौती की गई है। 2012-13 में यह राशि 24000 करोड़ थी जोकि इस बार 2013-14 के बजट में घटाकर 21,700 करोड़ कर दिया गया है जबकि बढ़ाने की जरूरत थी।

प्रधानमंत्री सड़क योजना ग्रामीण विकास की दृटि से अत्यधिक जरूरी है। आज देश में ऐसे कई गांव हैं जो सड़कों से वंचित हैं। र्वा ऋतु में तो गांव टापू बन जाते हैं जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और आमदनी पर कुप्रभाव पड़ता है। इस योजना को ज्यादा लचीला बनाकर गांव की आबादी को ध्यान में रखे बिना सभी गांवों को सड़क से जोड़ने की योजना बनानी चाहिए। गांव में रहने वाले भी इंसान हैं, चाहे वो कम संख्या वाला छोटा गांव हो उनके लिए भी परिवहन के लिए सड़क जरूरी है। अब गांवों को तो सड़क से जोड़ना ही चाहिए बल्कि आगे खेतों में जाने के लिए भी कच्ची सड़क बनाना जरूरी हो गया है।

मनरेगा का सरकार ढ़ोल पीट रही है कि उसने 4.5 करोड़ परिवारों को रोजगार दिया है। वास्तविकता यह है कि मनरेगा में बड़ा भ्रटाचार चल रहा है। अधिकारी पदाधिकारी तथा दलाल मिलकर लूट मचा रहे हैं। मनरेगा भ्रटाचार का पर्याय बन चुका है। देश के धान का अपव्यय हो रहा है। मनरेगा से जो काम किया जा रहा है उसमें बदलाव लाने की जरूरत है। मनरेगा के माध्यम से राट्रीय संपत्ति का निर्माण होना चाहिए। कब तक गड्ढ़ा खोदते रहोगे तथा कब तक मिट्टी की सड़क का निर्माण करते रहोगे, जोकि

---

[*] Speech was laid on the Table

एक ही बारिश में नट हो जाए। मनरेगा की वजह से कृाि में मजदूर नहीं मिल रहे हैं। कृाि प्रभावित होती है। मनरेगा को कृाि के साथ जोड़ना चाहिए।

हमारे वन एवं पर्यावरण मंत्री जी ने मुझे जंगली जानवरों द्वारा खेती को नुकसान से बचाने के लिए मनरेगा के माध्यम से चौकीदार रखने का आश्वासन 377 के उत्तर में दिया था, उसका क्या हुआ? मनरेगा के माध्यम से खेती की तरफ की तार की बाढ़ का निर्माण करना चाहिए।

ग्रामीण आजीविका मिशन, गांववासियों को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। लेकिन उसको ठीक से लागू न करने से ग्रामीण आजीविका मिशन की राशि पिछले साल पूरी खर्च नहीं हो पाई थी। इसको आधार बनाकर इस मद की राशि में बहुत मामूली वृद्धि की है जो पर्याप्त नहीं है। इस मिशन के तहत गांव में बैंकों के जरिए कुशल श्रमिक तैयार करने हैं। पिछले साल इस मद में 3915 करोड़ रूपए दिए थे,पर इस साल सिर्फ 85 करोड़ बढ़ाकर यह राशि 4000 करोड़ की गई है जोकि बहुत कम है।

देश के पूर्व राट्रपति अब्दुल कलाम के " गांव बनाओं मिशन" की राशि घटाकर महज 50 करोड़ रूपए कर दी है।

डीआरडीएसी बनाकर विकास से संबंधित प्रबंधन का धन आधा कर दिया गया है। चालू र्वा में दिए गए 500 करोड़ रूपए के मुकाबले इस बार डीआरडीए के लिए 225 करोड़ रूपए ही दिए हैं।

आवास हमारे देश की बड़ी समस्या है। आजादी के 65 सालों के बाद भी गांवों तथा शहरों के करोड़ों गरीब लोग कच्चे मकानों या झुग्गी झोंपड़ियों में रहते हैं तथा बहुत ही दयनीय स्थिति में जीवनयापन करते हैं। र्वा ऋतु में पानी टपकता है तो सर्दियों में ठंड तथा गर्मी के मौसम में आग जैसी गर्मी में मच्छर, सांप, बिच्छू तथा चूहा, इत्यादि विौले जानवरों के बीच जिंदगी जीते हैं।

इंदिरा आवास योजना थोड़ी राहत देनी वाली है, उसमें बढ़ रही महंगाई के हिसाब से राशि बढ़ाने की जरूरत थी और 45 हजार से बढ़ाकर 75 हजार तथा पहाड़ी क्षेत्रों में 85 हजार तक कर दिया है तो अच्छी बात है लेकिन घर बनाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं होती। इस संबंध में सरकार से मेरी मांग है कि वन विभाग के पास लाखों एकड़ जमीन उपलब्ध है। तो जहां भी सुलभता हो वहां पर फारेस्ट लैंड को मकान बनाने हेतु अनुसूचित तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को देनी चाहिए।

65 प्रतिशत युवा यानि कि 80 करोड़ युवाओं का भारत। 90 लाख कौशल युक्त युवा हर साल तैयार करने के लिए 1 हजार करोड़ की योजना बनाई गई है। वित्त मंत्री जी ने कहा कि विकास दर यदि 8 प्रतिशत हो जाती है तो हम 1 करोड़ नौकरियां दे सकते हैं। 11वीं पंचर्वाीय योजना में दर रही 9.5 प्रतिशत औसत, जबकि नौकरियां प्राप्त हुई सिर्फ 10 लाख। इसके विपरीत हर साल सवा करोड़ युवा नौकरियों की तलाश में घूमते हैं। यानि पिछले 5 र्वाो में हमारी " जॉबलैस " ग्रोथ रही।

डायरेक्ट कैश ट्रांसफर स्कीम (डीसीटीएस) वास्तव में वोट ट्रांसफर स्कीम है। डायरेक्ट कैश ट्रांसफर को देश की पहली सीधी कैश देने की योजना बताया जा रहा है। जबकि ऐसा नहीं है। वृद्धावस्था पेंशन, जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत पहले ही चैक दिए जाते हैं। इसमें नया क्या होगा? यह सब तो पहले से ही चल रहा है। यह कौन सा क्रांतिकारी कदम है।

वित्त मंत्री श्री चिदंबरम जी ने 10,000 करोड़ रूपये खाद्य सुरक्षा योजना घोाित किए। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत 10 हजार करोड़ रूपये बहुत बड़ी रकम लग रही है। लेकिन सारे देश में यदि सस्ते दर पर खाद्यान्न मुहैया कराना है तो हर साल 2 लाख 38000 करोड़ रूपये चाहिए, कहां से आएगा यह पैसा? इससे पूरी अर्थव्यवस्था गड़बड़ा जाएगी तथा घाटे बढ़ेंगे। नौकरिया तथा कारोबार ठप्प हो जाएंगे तथा महंगाई और बढ़ जाएगी। इसस देश का अर्थतंत्र कमजोर हो जाएगा।

देश के 4 बड़े बैंकों की प्रमुख महिलाएं हैं। इससे महिला बैंक का क्या ताल्लुक? और सुरक्षा के लिए पैसे चाहिए, बैंक के लिए नहीं।

अंत में कहना चाहूंगा कि देश का आम आदमी इस बजट से निराश हुआ है। सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर खर्च किए बिना गरीब तबके और मध्यम वर्ग का हित नहीं किया जा सकता। अगर हम पिछले बजट से तुलना करें तो इन क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं पर या तो खर्च यथावत रखा गया है या फिर जो वृद्धि की गई है वह वास्तविक अर्थ में कोई वृद्धि नहीं है। सरकार के पास अभी भी यह अवसर है कि वह अपनी नीतियों और कार्यक्रमों से तथा शासन संबंधी खामियों को दूर कर देश की आम जनता और विशो रूप से गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम कर सकती है।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Hon. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for giving me the opportunity to participate in discussion on the General Budget, 2013-14 presented by the hon. Finance Minister.

Before going into that, I want to say this. We already know that the hon. Finance Minister placed on the Table of the House the Economic Survey for 2013-14. I want to quote from that as it is giving an alarming situation of our economy. It says:

> "Following the slow down induced by the global financial crisis in 2008-09, Indian economy responded strongly to fiscal and monitoring stimulus and achieved a growth rate of 8.6 per cent and 9.3 per cent respectively in 2009-10 and 2010-11. However, with the economy expecting inflationary tendencies, RBI started raising policy rates in March 2010. High rates as well as policy constraint adversely impacted investment and in subsequent two years, 2011-12 and 2012-13, the growth rate slowed down to 6.2 and 5 per cent respectively."

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि इस बजट में आपने बालिकाओं, महिलाओं और युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम हेतु एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और इसमें आपने 50 मिलियन लोगों को लक्ष्य का आधार बनाया है। यह भी कहा है कि आपका पैसा, आपके हाथ। मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार रोजगार दे रही है। हम लोग उ.प्र. में अगर रोजगार नहीं, तो बेरोजगारी भत्ता दे रहे हैं। आज पूरे देश में जो शिक्षित बेरोजगार हैं, उनको बेरोजगारी भत्ता देने के लिए सरकार क्यों नहीं प्रयत्नशील है?

अगर इस वर्ष के आंकड़े देख लिये जायें, तो साढ़े तीन लाख इंजीनियरिंग की सीटें खाली गयी हैं। करीब छः लाख विद्यार्थी विदेश पढ़ने जाते हैं। जब वह पढ़कर आता है, तो हम उसे रोजगार नहीं दे पाते। दूसरी तरफ आपने शैड्यूल्ड कास्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राइब्स, महिलाओं, बच्चों के लिए बजट बढ़ाने की बात कही। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर ने प्राइम मिनिस्टर को बराबर पत्र लिखा है कि दसवीं कक्षा या दसवीं कक्षा के नीचे या ऊपर जो भी हमारे माध्यमिक क्लास के छात्र हैं, उनकी छात्रवृत्ति का 3,284.68 करोड़ रुपये केन्द्रांश का पैसा आपने अभी तक उत्तर प्रदेश में नहीं भेजा है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार ने कन्या विद्यादान 25 हजार रुपये हर इंटरमीडिएट पास कन्याओं को दिया है। मुस्लिम लड़कियों को 30 हजार रुपये देने की बात कही है। अभी हमने दस हजार बेटियों को कम्प्यूटर दिया है और जो हाई स्कूल पास हमारे बच्चे हैं, उन्हें हम टैबलेट देने जा रहे हैं।

आपने कहा कि हमने अल्पसंख्यकों के लिए 60 फीसदी बढ़ाया है। आज सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा की जो रिपोर्ट आयी है, उसके मुताबिक शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक आधार पर आप क्यों नहीं व्यवस्था कर रहे? उसका अमल क्यों नही कर रहे? आज उस पर अमल करने की जरूरत है। जहां तक विकलांग निशक्त व्यक्तियों की बात है, आज उनकी पैंशन को भी बढ़ाने की जरूरत है। महंगाई बढ़ गई है। यदि देखा जाए, तो "एक बूंद जिन्दगी के लिए" पोलियो ड्रॉप हम पिला रहे हैं। लेकिन आज भी जब हम गांव स्तर पर दौरा करते हैं, तो तमाम विकलांग व्यक्ति मिलते हैं। मैं चाहूंगा कि निधि से ही व्यवस्था कर दी जाए ताकि कृत्रिम अंग देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। दूसरी तरफ,

स्वास्थ्य और शिक्षा पर मैं नहीं जाना चाहूंगा, इसे सभी सम्मानित सदस्य जानते हैं। वृद्धजनों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आपने बजट में 150 करोड़ की व्यवस्था की है। आज घर-परिवार से तिरस्कृत ऐसे तमाम वृद्ध हैं, मेरे ख्याल से डेढ़ करोड़ से ज्यादा वृद्ध हैं, उनके लिए कोई ठोस व्यवस्था आपके द्वारा नहीं की गयी है। यदि ये करोड़ों की संख्या में हैं, तो एक-एक रुपया के हिसाब से प्रति वृद्ध कुछ भी नहीं है।

सभापति जी, अब मैं फीस वृद्धि की बात बताना चाहूंगा। केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर फीस के रूप में 290 रुपए प्रति माह, विद्यालय विकास निधि में बढ़ाकर एक हजार रुपए, कक्षा नौ तथा दस के विद्यार्थियों के लिए 290 रुपए से बढ़ाकर 800 रुपए कर दिये हैं, कक्षा ग्यारह तथा बारह के ह्यूमैनिटीज और कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए 290 रु. तथा 340 रु. से बढ़ाकर 700 रु. तथा 750 रु. बढ़ाकर किया गया है, ग्यारहवीं तथा बारहवीं कक्षा के साइंस पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए 300 रुपए तथा 400 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए तथा 650 रुपए कर दिया गया है। यह कहां का न्याय है? महंगाई इतनी चरमसीमा पर है।

सभापति महोदय : शैलेन्द्र जी, इतना डिटेल में न जाकर, केवल केन्द्रीय विद्यालयों में आपने बहुत फीस बढ़ा दी है, इतना से ही काम चल जाता।

श्री शैलेन्द्र कुमार : हाँ, इसलिए मैंने इतना डिटेल में बता दिया। दूसरी बात, आज पूरे देश में शिक्षा की स्थिति यह है कि 40 फीसदी स्कूलों में केवल दो शिक्षक काम कर रहे हैं।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहूंगा कि मंत्री जी ने छः एम्स संस्थानों के लिए 1650 करोड़ रुपए देने की बात कही। उत्तर प्रदेश के लिए बराबर मांग उठी। श्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी कई बार इसकी मांग उठायी। इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) से पूर्वांचल में लोग मरते हैं। एक संजय गांधी एम्स अस्पताल लखनऊ में है और दूसरा रायबरेली में है, दोनों पास-पास हैं। कम-से-कम प्रदेश के हर कोने में एम्स की व्यवस्था होनी चाहिए। इलाहाबाद मेडिकल कालेज को एम्स का दर्जा दिलाने की बहुत दिनों से मांग है, कम से कम उसे भी एम्स का दर्जा दिया जाए।

जहां तक छात्रवृत्ति की बात है, तो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी तथा अल्पसंख्यकों के लिए है। आज पूरे देश में 18 करोड़ से भी अधिक अल्पसंख्यकों की आबादी है। उनके लिए आपने 5,284 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है, जो बिल्कुल वाजिब नहीं है।

सभापति महोदय, यदि आप कुपोषण से ग्रसित बच्चों की स्थिति देखें, तो इसके लिए आपका अभियान सौ जिलों में था, अब आपने दो सौ जिलों को और इसमें जोड़ा है। यदि आंकड़े देखे जाएं, तो दुनिया में कुपोषण से ग्रसित प्रत्येक तीसरा बच्चा भारत का है। आज देश में 46 फीसदी बच्चे ऐसे हैं,

जिनका वजन सामान्य से कम है। अब मैं पेयजल और स्वच्छता की बात कहना चाहता हूँ। अभी तो मेरा समय भी पूरा नहीं हुआ है। मुझे छः-सात मिनट दिये गये हैं।

सभापति महोदय : उसकी तरफ मेरा पूरा ध्यान है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उत्तर प्रदेश में 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भी बजट की व्यवस्था नहीं है। यदि उत्तर प्रदेश का विकास नहीं हुआ, तो देश का विकास नहीं हो सकता है।

पेयजल की स्वच्छता के लिए, उसे आरसेनिक, फ्लोराइड और खारे पानी से मुक्त करने के लिए बजट में बहुत कम बजट की व्यवस्था आपने की है। आजादी के 65 वर्ष बाद भी हम लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं करा पाए हैं।

मनरेगा की बात तमाम लोगों ने कही, मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा। लेकिन उसमें पक्का काम कराने की आवश्यकता है। मिट्टी का काम होता है, पानी बरसता है, वह फिर भर जाता है, वह एक तरह से फर्जीवाड़ा है।

जहां तक कृषि ऋण का संबंध है, तो उसके लिए आपने सात लाख करोड़ रुपए की व्यवसथा की है। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार 70 हजार करोड़ रुपए कर्ज माफी में धांधली की बात, इस सदन में हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार ने 50 हजार रुपए प्रति किसान की कर्ज माफी की है। नल-कूप और नहरों से सिंचाई के लिए मुफ्त व्यवस्था की है। किसानों की बंधक जमीन नीलाम नहीं हो पाएगी, इसकी व्यवस्था उत्तर प्रदेश की सरकार ने की है। हमारी सरकार ने गन्ना किसानों के लिए भी उनकी उपज का प्रति क्विंटल दाम बढ़ाने की व्यवस्था की है। कम से कम आप प्रदेश की सरकारों से सीखें।

आपने नाबार्ड में 5000 करोड़ रुपए गोदामों के निर्माण हेतु रखा है। प्रतिवर्ष साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन अनाज सड़ जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरीबों को अनाज बांट दो। लेकिन उसे अभी तक आपने वितरित नहीं किया है। जहां तक सड़क निर्माण की बात है, तो आपने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश को तीन हजार किलोमीटर में रखा है। लखनऊ से रायबरेली तक चौड़ी सड़क है, उसके बाद कम सड़क है इलाहाबाद तक, यह कहां का मापदण्ड है। मैं चाहूंगा कि भेदभाव नहीं होना चाहिए। जहां तक वस्त्र और कताई मिल की बात है, आज ज्यादातर कताई मिलें बंद हैं, बुनकर भुखमरी की कगार पर हैं। स्वदेशी कॉटन मिल बंद है, ऊलन मिलें बंद हैं। इलाहाबाद में मऊ आइमा कताई मिल है, बंद पड़ी हुई है। रक्षा पर आपने बजट बढ़ाया है, लेकिन आज चीन ने रेल, सड़क मार्ग, बंदरगाह बना लिए हैं, लेकिन हम वहीं पर खड़े हुए हैं और उस पर घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं। अभी हाल ही में हेलिकाप्टर घोटाला हुआ है। मैं आपके माध्यम से वित्तमंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि आपने जिन चार

उत्कृष्ट संस्थाओं के लिए 100 करोड़ रुपये का अनुदान देने की बात की है, वे संस्थाएं कौन-कौन सी हैं? राजीव गांधी विद्युतीकरण और पीएमजीएसवाय की बात मैं कहना चाहूंगा। आज भी उत्तर प्रदेश में पिछले तीन-चार वर्षों में यह योजना नहीं गयी है, कुछ चुनिंदा जिलों को लिया गया है। आज गांवों की आबादी बढ़ी है। चाहे पीएमजीएसवाय हो या राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना हो, तमाम पुरवे उच्चीकृत नहीं हैं, उनको भी उच्चीकृत कराइए।

इन्हीं बातों के साथ मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

* **SHRI CHARLES DIAS (NOMINATED) :** The Hon'ble Finance Minister while introducing the Budget has made it clear that our country has no reason for gloom or pessimism and we can attain a growth of 5%. He has also pointed out that the average growth for the 11th Plan period, entirely under the UPA Government was 8% the highest ever in any Plan period.

The Finance Minister doesn't hide his worry about the current account deficit (CAD) and he has mentioned about our excessive dependence on oil imports, high volume of coal imports, our passion for gold and slow down in exports. But, even during this, all flagship programmes have been fully and adequately funded.

The allocation of Rs.41,561 crores for scheduled caste sub plan and Rs.24,598 crores for the tribal sub plan shows the concerns of the Government to the welfare of the downtrodden.

The allocation for women and child welfare has been substantially increased by earmarking Rs.97,134 crores and Rs.77,236 crores respectively.

Minorities are given due consideration by allocating Rs.3,511 crores, which is 12% than previous year.

For health and family care the Finance Minister earmarked Rs.37, 330 crores and he has also provided Rs.4,727 crores for medical education, training and research.

Ayurveda, Unani, Siddha and Homoepathy have been mainstreamed through National Health Mission and Rs.1,069crore have been allocated for this, which is a welcome move.

Education has been given high priority and the Finance Minister has allocated Rs.65,867 crores, which is 17% more than last year.

The Integrated Child Development Scheme (ICSDS) has been given due importance and the allocation of Rs.17,700 crores which is 11.7% increase shows the concern of the Government towards this scheme.

---

* Speech was laid on the Table.

The Government has shown due consideration for clean drinking water and the allocation of Rs.15,260 crores for various schemes in this regard is a welcome move.

The JNNURM is being continued in the 12th Plan and the substantial increase and allocation of Rs.14,873 crores for projects in the current year with specific scheme of purchasing 10,000 buses definitely will be a big contribution for urban transport.

The increase of allocation by earmarking Rs.27,049 crores to the Ministry of Agriculture will definitely provide a boost to agricultural activities.

The promise of the Finance Minister to support projects in cities and municipalities to take up waste-to energy projects under PPP mode is a move in the right direction.

The concern for women has been reflected in the Budget in the form of setting up of Nirbhaya Fund by contributing Rs.1000 crores.

For skill development among youth the allocation of Rs.1000 crores is intended for training the youth in different skills.

The Finance Minister has made an attempt to present a balanced budget by keeping away from imposing heavy taxes. But at the same time he has imposed some taxes on the high-income groups.

The funding of educational institutions has not been done considering the need of many states, which are neglected for many years.

Absence of a much awaited proposal to consider a scheme for increased pension for employees of public sector undertakings, by way of CPF pensions, is a glaring disappointment in this budget.

Allocations for the development of various sea-ports in the country has been made without considering the ground realities and it would have been proper if these were made on a need based formula.

Even though proposals are made in the budget to overcome the economic slow-down, it is yet to be seen whether the required boost will be there for

improvement of economy as expected. Promotion of exports and creation of an atmosphere to make use of India's natural resources like coal for boosting electricity generation will lead to economic growth.

सभापति महोदय : श्री लालू प्रसाद ।

श्री लालू प्रसाद (सारण): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मेरे साथ न्याय किया है।

सभापति महोदय : आप भी आसन के साथ न्याय करेंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। जब घण्टी बजे तो आप बैठ जाएं।

श्री लालू प्रसाद: महोदय, वित्तमंत्री जी पूरे भारत का वित्त प्रबंधन करके जो बजट लाए हैं, वह बजट आने के पहले चारों तरफ यह चर्चा थी कि यह लोक-लुभावन बजट, चुनावी बजट होगा। लोगों को आशंका थी कि समय से पहले चुनाव होगा, लेकिन चुनाव अब अपने समय पर ही होगा, यह बात हम लोगों को समझ में आ गयी है। ठीक टाइम पर होगा, एक साल कोई ऐसे ही बर्बाद नहीं कर देता है। माननीय वित्तमंत्री जी ने अपने कार्यकाल में वित्तमंत्री के रूप में, एक्सपेरिमेंट के रूप में किया। अखबार के लोगों ने बजट पर मेरी प्रतिक्रया पूछी, तो मैंने कहा कि "Something is better than nothing." मैं मानता हूं, स्वीकार करता हूं कि किसी तरह से मैनेज करके हम लोग सपोर्ट और वोट देंगे ही, आप घबराइए नहीं। लेकिन दुनिया में जो हालात हैं, सभी माननीय सदस्य जानते हैं, हालत आज अच्छी नहीं है। इसको कैसे हम सुधारेंगे, इस पर आपको ध्यान देना चाहिए और ध्यान देने के अलावा यूपीए-1 में भारत निर्माण के तहत जो कार्यक्रम मनरेगा से लेकर सर्वशिक्षा अभियान, अस्पताल और बिजली के मामले में चलाए गए थे, ह्यूज मनी दी गयी थी, उसके बारे में अभी जो महामहिम राष्ट्रपति जी हैं, उन्होंने वित्तमंत्री के रहते हुए सदन को आश्वस्त किया था कि यही कार्यक्रम कंटीन्यू करेगा, चलता रहेगा और वही चल भी रहा है। यही सच्चाई भी है। जब यह सच्चाई है, तो हम यह जानना चाहते हैं कि पैसा आता कहां से है और जा कहां रहा है? फिर आपके पास बैलेंस क्या बचता है, जो आपने कार्यक्रम दिए हैं, कार्यक्रम बताए हैं देश के सामने? यूपीए-1 सरकार, जिसमें हम लोग भी थे, रीजनल इम्बैलेंसेज को पाटने के लिए, डेवलप्ड स्टेट्स से टकराव नहीं हो, लेकिन बिहार जैसे राज्य जो कोसों दूर पीछे छूट गए हैं, उसके लिए कहा था कि छलांग लगाइए, स्पेशल केयर कीजिए। मैं जानना चाहूंगा कि जो पिछड़े राज्य हैं, जो भाई पीछे छूट गए हैं, उनको कब हम बराबरी में लाने का काम करेंगे?

महोदय, इस बजट की सबसे बड़ी मार गरीब महिलाओं के ऊपर है। सामाजिक न्याय हमारी प्रतिबद्धता है, धर्मनिरपेक्षता हमारी बुनियाद है, लेकिन इस बजट में देश के पिछड़े वर्गों के लिए, माइनॉरिटीज के लिए, दलित के लिए कोई भी स्पेशल प्रोग्राम अगर आप बता दें, तो मुझे काफी खुशी होगी। कोई कार्यक्रम नहीं है। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का एजिटेशन हो रहा है कि माइनॉरिटी स्टेटस हमको दो। यही नहीं, बिहार में फातमी कमेटी के तहत अलीगढ़ यूनिवर्सिटी की एक ब्रांच किशनगंज में खुलनी थी।

बीच में जमीन वगैरह का लफड़ा था, उसके लिए एक पैसे का जिक्र आप लोगों ने नहीं किया कि कब खुलेगी, पैसे का क्या इंतजाम हुआ है। ठीक कहा माननीय सदस्य है कि हमारे देश का जो अल्पसंख्यक समाज है, उसके लिए बने सच्चर कमीशन में देश के 90 जिले चुने गए। सच्चर कमीशन की रिपोर्ट के बाद देश के 90 जिलों को चुना गया था, जो कि मुस्लिम बाहुल्य थे और डंके की चोट पर कहा गया था कि हम इनके विकास के लिए और शिक्षा के लिए काम शुरू करेंगे, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं शुरू किया गया है। खासकर बिहार में तो नजर नहीं आता है। मुस्लिम जनता को मुख्य धार में लाने के लिए आपको उन्हें और हमें भी विश्वास में लेना चाहिए। हम मुस्लिम लोगों का विकास नहीं करते, उनकी चर्चा नहीं करते, क्योंकि हम डरते हैं बीजेपी वालों से कि वे कहेंगे कि आप मुस्लिम तुष्टिकरण कर रहे हैं।...(व्यवधान) बीजेपी के लोग सीधे आरोप लगाते हैं, इनके वित्त मंत्री कितने काबिल हैं और इनके वित्त मंत्री कितने काबिल हैं, यह मैं बताना चाहता हूं। उनके दो हुए हैं और इनके तीन हुए हैं। हमने इसी हाउस में देखा है कि मनमोहन सिंह जी को, इतना बढ़िया उन्होंने इंतजाम किया वित्त मंत्री रहते हुए कि उन्हें प्रोन्नत करके देश का प्रधान मंत्री बना दिया गया। इसी तरह हमने प्रणब दादा को वित्त मंत्री के रूप में देखा और वह आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के रूप में पदासीन हैं। तीसरे वित्त मंत्री जो अभी आए हैं चिदम्बरम साहब, यह हमेशा इमर्जेंसी और रिजर्व में रहते हैं। इसलिए यह अभी तक हमारे सामने हैं। इन्होंने भी कई व्यवस्थाएं अच्छी की हैं।

अब मैं आपके वित्त मंत्रियों के बारे में बताना चाहता हूं। जसवंत सिंह जी काफी काबिल वित्त मंत्री थे, लेकिन उन्हें बीजेपी को निकालना पड़ा। दूसरे जो वित्त मंत्री थे...(व्यवधान) ये लोग हमें बोलने नहीं देते हैं।

सभापति महोदय : समय की कमी है इसलिए आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री लालू प्रसाद : उस पक्ष के यानि एनडीए सरकार के दूसरे वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा जी थे। उनके ऊपर भी तलवार लटक रही है। उनके दो और इधर के तीन वित्त मंत्री हुए, हमारे इधर के जो काबिल थे, उन्हें आगे तक जाने का अवसर मिला और ऊंचे स्थान पर बिठाया गया।...(व्यवधान)

सभापति महोदय: आप लोग समय की बचत करें और लालू जी आप अपना भाषण समाप्त करें।

श्री लालू प्रसाद : महोदय, मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि देश के पिछड़े वर्ग के लोगों, अल्पसंख्यकों के लिए बजट में बेहतर प्रावधान करें और उन्हें विश्वास में लें। आप उनकी आर्थिक स्थित पर ध्यान नहीं देते हैं, उल्टे मुस्लिम युवकों को आतंकवाद के नाम पर डराया और धमकाया जाता है। बिहार में मधुबनी, दरभंगा, मुंगेर में कई मुस्लिम युवकों पर इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। मैं यह भी कहना

चाहता हूं कि अगर किसी पर आरोप सही पाए जाते हैं तो आप कड़ी कार्रवाई करें और एसटीसी में ट्रायल करें।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। वैसे हमें इस बारे में कुछ नहीं कहना है, लेकिन आपके बीच की बात है वित्त मंत्री जी कि कभी-कभार प्रेस वाले खुश होकर छापते हैं कि अगला प्रधान मंत्री चिदम्बरम हो।...(व्यवधान) लेकिन हमें इस पर कुछ नहीं कहना है, कोई कमेंट पास नहीं करना है। ये अखबार वाले तो छापते ही रहते हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय: लालू जी, आपने कहा था कि मैं जल्दी अपनी बात कह दूंगा इसलिए जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा।

श्री लालू प्रसाद : सभापति जी, मैं दो मिनट और लूंगा। रिजर्व बैंक और जितने भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस हैं, उनके मालिक वित्त मंत्री होते हैं। आपको दबे-कुचले, पिछड़े, माइनोरटीज के लोगों पर विशेष ध्यान देना होगा। जब तक आप ऊपर से निर्देश नहीं देंगे, तब तक इनका भला नहीं हो पाएगा। नीचे तक इनके लिए वित्तीय सुविधाएं नहीं पहुंचती हैं। इसलिए मुस्लिम, पिछड़े और गरीब लोगों को आपकी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है, सिर्फ नाम लिया जाता है कि यह कर दिया, वह कर दिया। आपको एक काम करना होगा। सीएजी की रिपोर्ट के आधार पर केन्द्रीय मंत्री को जेल जाना पड़ा। हो यह रहा है कि देश के व्यापारी, देश के पोलिटिशियंस पर ब्लेम किया जा रहा है। सीएजी की रिपोर्ट पर कई राज्यों ने घपले का जिक्र किया है, लेकिन बिहार से लेकर कई एक राज्यों के फर्जीवाड़े का खुलासा होना चाहिए। आप पैसा भेज रहे हैं लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं। कहते हैं नेता खा गये, यह देश का पैसा कहां से आता है कहां जाता है? यदि यह सरकार गरीबों को लाभ पहुंचाना चाहती है तो देश की सारी सम्पत्ति को टेक-ओवर करिये, रि-डिस्ट्रीब्यूशन करिये। जो भी जमीन है, सम्पत्ति है, सारी प्रॉपर्टी को जब्त करो और जब्त करके फिर बराबर डिस्ट्रीब्यूशन करो। ऐसा आपको करना पड़ेगा। इसी बात को हमने सिविल सोसाइटी के अन्ना जी को कहा था। राइट टू प्रॉपर्टी आपको करना पड़ेगा। सम्पत्ति को कौन और कितना रखेगा, यह आपको ध्यान रखना पड़ेगा।

आज बिजनेसमैन देश छोड़ रहा है, गुड-बाय इंडिया बोल रहा है,वह कह रहा है कि हम इंडिया में नहीं रहेंगे, हमारी यहां इज्जत नहीं है, प्रतिष्ठा नहीं है, इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए। अपनी बात खत्म करते हुए हम कहना चाहते हैं कि जब हम बोलने के लिए खड़े होते हैं तो बीजेपी के लोगों को बेचैनी

होने लगती है, ये व्याकुल हो जाते हैं, सच्चाई सुनना नहीं चाहते हैं। यह जो बजट आया है, इस बजट का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय : लालू जी, आप बोलते समय हमारी तरफ देखते नहीं हैं कि हम आपको क्या कह रहे हैं।

श्री लालू प्रसाद : आप बोलने नहीं देते हैं, लेकिन ध्यान मेरा आपकी तरफ ही रहता है।

* **SHRI M.I. SHANAVAS (WAYANAD) :** I support the Union Budget for the financial year 2013-14. It is the best budget that could be proposed and presented in such adverse times, not just in India but the world over. This is a budget presented in such tumultuous times when the world economy slipped in a recession and growth rates fell to 5%. India's estimated growth this financial year is 5% while while projections for growth by RBI is pegged at 5.5%.

India's growth rate between 2004 and 2008 and again in 2009-10 and 2010-11, was over 8 percent and, in fact, it crossed 9 percent in four of those six years. It is worthy to note that even in 2008, during the heights of recession the UPA Government was able to maintain the growth rate at a healthy 8%. The average rate of growth for the 11th Plan period, entirely under the UPA Government, was 8 percent, the highest ever in any Plan period and this was possible because of the pragmatic leadership of Dr. Manmohan Singh and UPA Chairperson Smt. Sonia Gandhi.

The budget for this year features an estimate of Rs.16,65,297 lakh crores, a staggering figure indeed. If we go 65 years back to history, the first budget was prepared with a budget estimate for revenue expenditure of Rs.197.39 crores and in 1962, it was Rs.1852.40 crores. One can experience the commanding heights our growing economy attained since independence in the last 65 years by looking at the upward curve in budgetary estimates for expenditure.

This budget displays the humane face of India. Pandit Nehru ji, from the first five year plans introduction, it is seen that the government above all considerations, stood for the welfare of the people. The Planning Commission was set up in March, 1950 by a Resolution of the Government of India which defined the scope of its work in the following terms :

a) That the citizens, men and women equally, have the right to an adequate means of livelihood;

---

* Speech was laid on the Table.

b) That the ownership and control of the material resources of the community are so distributed as best to subserve the common good; and

c) That the operation of the economic system does not result in the concentration of wealth and means of production to the common detriment.

The very foundations of the concept of inclusive growth can be witnessed in these statements in the first planning commission introduction and mandate, a reflection of Nehru Ji's magnanimous vision. It was inclusive growth that Nehru Ji promulgated when he enunciated the mixed economy theory. I cannot view this budget without reflecting upon the Nehruvian ideals in it, those ideals he envisaged, the enlightening ideals that became the architecture of an inclusive India is present in every page, every line and every word in this budget document.

The world reeling under pressure from a fractured economic process is barely able to revive from the aftermath of recession is the 2008. Many nations have collapsed under this crushing weight. The European Union, once a powerhouse of economic activities, is on the brink of an implosion. The growing economies have slumbered and so do the once great powers, looming towards a fiscal cliff.

As hon. Minister P. Chidambaram has rightly said, only China and Indonesia are ahead of us in growth. The crude oil prices have shot up, and a situation similar to that of 2008 is still hovering over the developing and under developing nations. India, even in this pall of fiscal doom in showing remarkable traits of courage and self sustainability. When we examine the reasons behind this unique character, the answer my friends, lies in the bold and pragmatic steps undertaken by the UPA Government to contain the damages of recession.

When we look back, where hunger, despair and hopelessness were common is no longer there. In this hallowed hall of democracy, the Lok Sabha, my colleagues from all sections and states used to raise the issue of farmer suicides

and hunger deaths often, but now, these averments and allegations are no longer heard in the Lok Sabha. Can anybody say now that there are hunger deaths or farmer suicides occurring in India? It is the result of the UPA government and congress party focused approach that ushered in growth and development to all that reduced poverty and brought in the days of prosperity for all sections.

MGNREGA of UPA I was instrumental in security and employment to crores of people. Five crore families or 25 crores of people benefited from MGNREGA. According to minimum wages applicability, each household earns Rs.14000 to Rs.16,000 per year. If this is not a revolution, what else is a revolution? This is an inclusive revolution.

I congratulate the UPA government and Shri Chidambaram for allocating Rs.33,000 crores for the MNREGA scheme for the next financial year. Our farmers are the proud creators of the renewed India story and last year they produced 260 million tonne of foodgrains, while this year it is 250 million tones. This is by no means a small feat; it is an endorsement of the trust and belief that the farming community has bestowed upon the UPA government and its leadership.

We have a comfortable position of foodgrain in the country. The total stock position with the public sector agencies was 662 lakh tons on 1st February, 2013 including 307 lakh tons of wheat and over 353 tons of rice. How this was achieved? The government has provided 575000 crores of incentives to give interest benefits for farmers and reduced their burden and moreover, restored their faith in agriculture and farming.

As a sign of gratitude for farmers the Finance Minister has raised the same to seven lakhs crores of rupees. Quite contrary to the opposition's expectations, Shri Chidambaram has not touched the poor people, he has spared the poor man and thought from their angle.

Some of the leaders of the opposition say this is an election oriented budget. What do you mean by that? What do you mean by election oriented

budget? If election oriented budget gives the ruling party the endorsement of people by votes, then that budget is people friendly. If that is such, I accept this as an election oriented budget. This budget is of the people, by the people and for the people.

This budget takes care of the women, youth and the poor. The budget addresses the problem of minority, SC/ST and the working class. Science and technology is given a thrust, child welfare schemes are enhanced, women friendly banking services, the first of its kind in India, endorsing the rights of women and their identity.

About 60 years back, we may peruse, the Indian condition, especially in the key social development indicators. I would compare that situation with today's conditions. In 1950, life expectancy in India (31 years) was less than half that in the US (68 years). But by 2005, India (64 years) was not far behind the US (77 years).

- The under 5 mortality rates is 59 per 1000 live births in 2010.
- The maternal mortality ratio stands at 212 per 1,00,000 live births during 2007-09.
- The annual incidence of malaria (cases of malaria/1000 population) has been halted around 1.5 since the year 2008.
- In case of Tuberculosis, the new smear positive case detection rate is 72% and new smear positive success rate is 88%. Over 1.1 crore women benefited from the Janani Suraksha Yojana during 2011-12.

Government has launched the Rashtriya Bal Swasthya Karyakram for screening of children below 18 years for 30 different types of diseases, disorders, deficiencies and disabilities. This national initiative will eventually cover around 270 million children across the country. Life expectancy at birth has increased from 61.9 years in the period 1996-2000 to 66.1 years in the period 2006-2010. Since the launch of the Rashtriya Swasthya Bima Yojana, more than 3.35 crore

smart cards have been issued and more than 43.26 lakh persons have availed hospitalization facility under the scheme. All these schemes fruitioned as the government had a calibrated approach with a determination to combat these social indicator challenges.

The Mid-Day Meal Scheme (MDM) has been provided Rs.13.215 crore. The Mid-day meal programme today covers around 11 crore children in over 12 lakh schools. ICDS allocated Rs.17,700 crore in 2013-14, representing an increase of 11.7 percent. Rs.3,511 crore allocated to the Ministry of Minority Affairs. This is an increase of 12 percent over the BE and 60 percent over the RE of 2012-13. Education is the other high priority and Rs.65,867 crore allocated to the Ministry of Human Resource Development.

The paramount importance of the budget is experienced in the meticulous inclusion of social sector and advanced allocation of resources. I would like to congratulate the Finance Minister for carrying out the vision cherished by Pandit Nehru and carried out by Dr. Manmohan Singh and Smt. Sonia Gandhi of inclusive growth through this budget. The UPA II government is taking a revolutionary step through direct benefit transfer scheme “aapka paisa aapke haath” in which nearly 11 lakh poor people will be benefited. And the Finance Minister has given his commitment in this scheme. My constituency, Wayanad, is one of the 51 districts selected for commencing this scheme.

About a month back, I was invited for a function with respect to the scheme and actually I didn’t know what was the function. Myself and Minister reached the venue and about 350 to 400 students of 5th, 6th and 7th classes were sitting there. The Executive Director, Canara Bank and several other officers were present in the function. We were to inaugurate the provision of bank pass books to the tribal children. They were very excited and their parents were happy, with tears of joy running down when we presented passbooks to the children. I recall that I was given a bank account and passbook by my father, only after I completed my post graduation and professional course.

Here I could see 9 and 10 year olds availing passbooks. In March this year they will be given their personal ATM cards as well. From the Ist of April onwards, all scholarships will come directly to their bank account. From April onwards, if they wish to buy note books, pencils pens or even an ice cream, they can use their ATM cards and buy it all. All these students were tribals and adivasis and it is absolutely to the credit of the Dr. Manmohan Singh and UPA Chairperson Smt. Sonia Gandhi that this great scheme is enunciated. If this is not revolution, what else is revolution?

Some sections of the opposition parties, especially the left allege that the government is giving undue favours to the corporate sector. They have an outdated ideology and a praxis that failed miserably even in the nation where it all began, the then USSR. China in whose name the communists in India preach everyday about communism and its non existent glory, has become the citadel of capitalism, that capitalism under conscripted labour. One of the main argument about this budget and of previous year by the Left is that about 5 lakh crores concession was given to corporate sector. This contention by the Left is utterly wrong and absolutely false. It is a part of the fiscal stimulus package, reduction in customs duty, excise duty, service tax, etc. are called as revenue foregone. It is not a concession given to the corporate sector, it is known as tax foregone/tax neutral which is a part of the fiscal stimulus program. Mass consumption goods-192000 crores, excise duty-172000 crores and to promote export promotion, customs duty were foregone. To promote industry in backward regions similar concessions are provided, e.g. States like uttrakhand.

Regarding the service tax waiver of Rs.50,000 crore, these amounts will come back to the government in excise, customs duty and other forms of receipts as the volume of business improves. The allegation that the government is standing for corporates is false. Rs.419520 crores of total revenue of India comes from corporate taxes and other than corporate tax, big business houses remit

excise duty, customs duty, service tax etc., and their contribution in Indian economy is unquestionable.

During the UPA I, the Indo US civil nuclear cooperation agreement was signed amidst the pandemonium created by the Left parties. The government was on the verge of collapse, the CPIM had no hesitation in approaching the muslim community and telling them that the 123 agreement is anti-muslim. Though the Left parties are still present in some states, and though they unleashed a propaganda against the 123 agreement, the Muslims totally rejected them. From the years Homi J. Bhabha, the Indian scientists showed the world that they are second to none in atomic and nuclear science. Without any help or assistance, we were able to successfully conduct nuclear tests.

After the 1974 Pokhran test, the world isolated us, we couldn't sustain our nuclear program due to that isolation. Our only door to the world of nuclear technology was via 123 agreement. I congratulate Dr. Manmohan Singh government for the bold and decisive step taken by him during the indo US nuclear treaty negotiations and for clearing all obstacles and hurdles along the way and for saving the country from energy crisis.

India now envisages increasing the contribution of nuclear power to overall electricity generation capacity from 3.2% to 9% within 25 within years. By 2020, India's installed nuclear power generation capacity will increase to 20,000 MW. India has signed civil nuclear agreements with 8 more countries –France, Canada, Russia, Belgium, Nigeria, Mongolia, Kazakhstan and South Korea. Talks are on with Germany, Japan and Australia. The success of UPA's international civil nuclear initiative was manifest in the highest ever generation of electricity from nuclear power, last year at 32455 million units. UPA in its tenure has built 7 new Nuclear Reactors. India now ranks sixth in terms of production of nuclear energy, behind the US, France, Japan, Russia and South Korea.

Nobody in this world can turn a blind eye to the silent but excellent contributions and role of National Advisory Council chaired by Hon. Sonia ji.

The NAC has been working relentlessly in understanding and identifying core issues that demanded state intervention and sectors that require the urgent attention and support. The landmark scheme like MNREGA and Food Security Bill are proclamations of the commitment of social sector development by the NAC.

Sonia ji is doing a remarkable service by functioning as the Chairperson of the NAC. The food security act is the brainchild of NAC and when it is implemented, crores of people will become beneficiaries. This country will prosper and no son or daughter of this nation will ever suffer hunger.

***श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला)** : केन्द्रीय मंत्री श्री पी.चिदम्बरम ने दिनांक 28 फरवरी, 2013 को लोकसभा में वर्ष 2013-14 के लिए आम बजट पेश किया। देश के 121 करोड़ लोगों को तथा हर समाज, हर वर्ग को, चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, कर्मचारी हो, युवा या गरीबों को पूरी उम्मीद थी कि इस बजट में, जो कि यूपीए-दो का आखिरी बजट है, अवश्य ही महंगाई को कम करने के ठोस उपाय उठाये जायेंगे क्योंकि गत 8-9 वर्षो से जब से केन्द्र में यूपीए (कांग्रेस) सरकार बनी है तब से महंगाई ने आम आदमी खासकर के गरीब लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इस बजट ने सभी वर्गो की उम्मीदों को धराशायी कर दिया है। गत वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण को देखा जाये तो मुद्रा स्फीति की दर यदि 2007-08 में 4.7 प्रतिशत (डब्ल्यूपीआई) थी तो वह 2012-13 में 7.6 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह जो मुद्रास्फीति 2007-08 में 6.2 प्रतिशत (सीपीआई) थी वह 2012-13 में 10 प्रतिशत हो गई। इंडस्ट्रीयल प्रोडेक्शन (ग्रोथ) 2012-13 में 0.7 प्रतिशत है जो कि 2007-08 में 15.5 प्रतिशत थी। आज रूपये की कीमत डॉलर के मुकाबले 54 रूपए से ऊपर चली गई है, जो कि 2007-08 में लगभग 40 रूपए थी। ग्रोथ रेट 2011-12 में 6.2 प्रतिशत था वह 2012-13 में 5 प्रतिशत हो गयी है। इन सभी आंकड़ों को देखकर सरकार की गत वर्षो की नाकामियों का साफ-साफ पता चल जाता है।

आज आम आदमी को आंकड़ों के जाल में फंसाकर संतुष्ट नहीं किया जा सकता। आम आदमी व गरीब जिसे भर पेट खाना नहीं मिल रहा उसे रोटी चाहिए, कपड़ा चाहिए और रहने के लिए मकान चाहिए। कई वर्षो से हम कांग्रेस से सुनते आ रहे हैं कि वह गरीबी हटायेंगे। गरीबी तो हटी नहीं उसका आंकड़ा दिनों-दिन बढ़ रहा है और सरकार उसका ठीक से आकलन कर पाने में आज तक सफल नहीं हो पाई है। कांग्रेस ने गत चुनावों में 2009 के लोक सभा चुनावों में कहा था कि वह 100 दिनों में महंगाई को खत्म कर देंगे। परन्तु अब तो चार वर्ष पूर्ण हो रहे हैं महंगाई के क्या हाल हैं। पेट्रोल, डीजल व खाना पकाने की गैस के दाम दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं और अब जो नियंत्रण पहले सरकार के पास था अब खुले आम लूटने के लिए तेल कंपनियों पर छोड़ दिया है। देश का कर्मचारी वर्ग भी काफी उम्मीदें लगाये बैठा था कि इंकम टैक्स में कोई रिबेट मिलेगा, वह भी निराश हुआ है।

आज देश का नौजवान जो पढ़ा-लिखा है जिन्होंने डिग्रियां हासिल की हैं जोकि ट्रैंड कोर्सस करके आये हैं, करोड़ों की तादात में हैं। उनके हाथ को काम मिल नहीं रहा। उसमें भारी रोष है। हमारी महिलायें, बहिने व माताएं इस राज में सुरक्षित नहीं। आम आदमी, नौजवान बच्चे सड़कों पर आकर अपनी बहनों की रक्षा की गुहार करने के लिए आंदोलित हैं। सरकार दलितों (अनु.जा. व जनजाति) के बारे में बोल कर

* Speech was laid on the Table

थकती नहीं परंतु उनके लिए करती कुछ नहीं। सरकार ने कहा था कि वह देश के बजट में से अनु.जाति व जनजाति को उनकी आबादी के आधार पर बजट का प्रावधान करेगी आज इस बजट में क्या स्थिति है? अनु.जाति उप-आयोजना के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों के लिए मात्र 41561.13 करोड़ रूपए का बजटीय प्रावधान किया है। इसी तरह जनजाति उपयोजना में 24598.39 करोड़ रूपए आबंटित किए हैं जो कि उनकी आबादी के अनुपात से कहीं कोसों दूर हैं। इस प्रकार इन समुदाय के लोगों को ठगा जा रहा है। समाज में एक दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है कि इन वर्गो को जो कि हजारों वर्षो से शोषित व पिछड़े रहे हैं उनको सरकार न जाने क्या-क्या दे रही है। इसलिए ये वर्ग कई बार कुछ असामाजिक तत्वों की ज्यादतियों का निशाना भी बनते जा रहे हैं। इन वर्गो को सही प्रकार से समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है तो इनकी आर्थिक, सामाजिक व राजनैतिक स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए ठोस नीति का निर्माण करना जरूरी है। केवल मात्र "वोट बैंक" बनाकर इस वर्ग का शोषण होता रहेगा।

पहाड़ी राज्यों के बारे में इस बजट में कोई भी योजना नहीं है। पहाड़ी राज्यों के लिए एक सा आर्थिक विकास की योजना बनानी जरूरी है। आज जिस प्रकार से केन्द्र की सरकार ने पहाड़ी राज्यों को बांट कर रखा है उससे उनका सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। हिमाचल प्रदेश के लिए जो आर्थिक पैकेज एनडीए की सरकार ने दिया था उसे वापिस ले लिया और वो पैकेज 2003 से दस वर्ष के लिए यानि 2013 तक मिलना था। उसे काटकर यूपीए की सरकार ने आते ही 2010 तक कर दिया। जो लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलना था वह नहीं मिला और जो उद्योग लग रहे थे उस पर विराम लग गया। बजट में इस प्रकार की कोई बात नजर नहीं आई है। इसी प्रकार, केन्द्रीय योजनाओं को भी सभी पहाड़ी राज्यों में समान अनुपात से सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए।

कृषि क्षेत्र में आज किसानों व बागवानों की हालत खराब है। देश का किसान सरकार की नीतियों से परेशान है। ऋण माफी पर उनको लाभ पहुंचाया जा रहा है जो उसके पात्र नहीं। जो किसान ईमानदारी से अपने ऋण की अदायगी कर रहा है उसका ऋण माफ नहीं किया जा रहा। परंतु बेईमान लोगों को लाभांवित करने के षडयंत्र का हाल ही में सीएजी ने पर्दाफाश किया है। पहाड़ी राज्यों में सड़कों के अभाव में किसान अपनी उपज को मार्केट तक ले जाने के लिए छोटी जीप, ट्रैक्स, टैम्पो आदि का प्रयोग करता है क्योंकि छोटी-छोटी सड़कों के कारण बड़ी गाड़ियों को उनके खेतों तक ले जाना कठिन होता है। परंतु उन्हें 10-12 प्रतिशत के ब्याज पर इन गाड़ियों को खरीदना पड़ता है जबकि मैदानी इलाकों में ट्रेक्टरों की खरीद के लिए कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाये जाते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि पहाड़ी राज्यों के लिए योजनाएं वहां की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार बनानी चाहिए। सभी किसानों खास करके पहाड़ी राज्यों

के किसानों को 4 प्रतिशत के बजाए 2 प्रतिशत ब्याज पर सभी प्रकार के ऋण उपलब्ध करवाये जाने चाहिए।

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। बाहरी देशों की यूनिवर्सिटियों को देश में प्रवेश देकर यहां की संस्कृति व शिक्षा का वातावरण खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। गरीब बच्चों को "शिक्षा ऋण" में भी धांधलियां हो रही हैं। एजुकेशन लोन में सभी बैंकों के लिए टारगेट दिया जाना चाहिए। खास करके उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए तथा उसकी ब्याज दर भी 2 प्रतिशत रखनी चाहिए ताकि शिक्षा को आम आदमी की पहुंच तक रखा जा सके।

पेयजल पहाड़ी राज्यों में उपलब्ध करना कठिन है। उसके लिए उठाऊ पेयजल मिलने के लिए विशेष योजना के द्वारा उन्हें बजट में प्रावधान करना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश में कुछ वर्ष पहले "अफीम की खेती" होती थी। आज उस पर प्रतिबंध है जबकि हमारे देश में दवाइयां बनाने के लिए 2/3 भाग अफीम बाहर के देशों से आयात की जा रही है। सरकार इस बात को निश्चित करे कि कम से कम 2/3 उत्पाद अपने ही देश में हो तथा हिमाचल प्रदेश के किसानों को इसका काफी लाभ होगा। हिमाचल प्रदेश को इसकी खेती करने की इजाजत दी जाये।

अन्यान्य मुद्दों का आकलन कर दिखा जा सकता है कि 2013-14 का बजट आम आदमी का बजट नहीं है। आगामी लोक सभा के चुनावों को मद्देनजर रखते हुए बनाया गया है तथा बहुत ही निराशाजनक है।

* SHRI RAMEN DEKA (MANGALDOI): Shri P. Chidambaramji, Hon'ble Minister for Finance has not brought any remarkable change in his eighth Budget for 2013-14.

Shri Chidambaramji always claims that he has a dream and his Budget is a dream Budget. But I find his dream Budgets always grounded due to inner conflicts in the Budget. During 2012-13, people experienced inflation, falling savings. The people of India have seen slowdown of every economic sectors. During this period current account deficit is at optimum level. The Union Budget for 2013-14 has not brought any good news for people of Assam rather it is neglected.

Government proposes corrective measures to over come bottlenecks stalling road projects for few States. Assam is a backward State. There are bottleneck in every sector due to bad road communication. The declared road projects are not completed on time. The fate of east-west corridor in Assam is well known to us, the progress is very slow. Widening of National Highway 51 is essential from strategic point of view. But I am surprised to note that Assam is not on priority list. Brahmaputra was declared long back as national waterways. But still today nothing has been done to develop the infrastructure. Mere declaration Lakhipur-Bhanga stretch of river Barak in Assam will not boost waterways in Assam. The infrastructure for waterways in Brahmaputra and Barak river should be done on priority to boost waterways in Assam which can contribute a lot of economic development. The waterways for transportation was much better in pre-independent days in comparision as on today.

I surprise to note that the policy of Oil and Gas has not cover Assam. The oil sector of Assam is oldest one in our country. I demand Government to take a pragmatic view to develop oil sector in Assam which has immense potentiality. Assam has rich heritage of handloom sector. Mahatma Gandhi

* Speech was laid on the Table

praised our weavers during his visit to Sualkuchi, a village in Assam. Tribals from my constituency Mangaldoi and other parts of the State have expertise in weaving. A helping hand from the Government can change this sector in Assam as well as it will help empowerment of women. But successive Budgets has not emphasized to harvest the potentiability of handloom sector in Assam. I demand a package in this sector.

Most of the people of Assam depend on agriculture for their livelihood. The land of Assam is very fertile and production of rice can be increased if Government provides helping hand to the farmers. In view of this, I demand a special attention in this sector. To encourage farmers of Assam, Government agencies should be directed to procure agricultural produce from the farmers directly. The procurement of agricultural produce by the Government agencies in Assam is nominal.

I demand to cover Assam in the proposed pilot project to replant and rejuvenate coconut gardens. Further, I demand to activate DONER Ministry for proper monitoring of development of North-East. The scenario of power in Assam is very grim. Nothing has mentioned in this sector also. Floods and erosion creates havoc in Assam for last several decades in Assam. To control recurring devastation due to flood and erosion, Assam needs a special package which is the need of the hour. I would like to conclude by terming this Budget a mere submission of accounts without any vision specially to combat inflation.

सभापति महोदय : श्री अर्जुन राय जी।

श्री अर्जुन राय (सीतामढ़ी): सभापति जी, सामान्यतः बजट आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं होता, वरन् बजट में कोई परिवार या सरकार जो आय-व्यय करती है, उसमें वर्तमान को संभालने और भविष्य को संवारने के लिए तैयारी की जाती है। लेकिन वर्तमान 2013-2014 का बजट मात्र एक मुनीम जी का लेखा-जोखा मात्र है। वर्तमान बजट को देखने से घोर निराशा सामने आयी है। वित्त मंत्री जी ने वर्ष 2013-2014 के लिए जो बजट पेश किया, उसमें 16 लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का इन्होंने बजट पेश किया है। माननीय वित्त मंत्री जी नामी अर्थशास्त्री हैं लेकिन इन्होंने 16 लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक यानी 16.6 लाख करोड़ रुपये का जो बजट पेश किया, इसमें 53 प्रतिशत आय टैक्स से, 14 प्रतिशत आय गैर-टैक्सों से और बाकी 33 प्रतिशत आय कर्ज लेकर खर्च करने की व्यवस्था की है। कुछ वर्षों से यूपीए सरकार कर्ज की मात्रा में बढ़ोत्तरी करते हुए अपने खर्च की व्यवस्था करती है। वर्ष 2007-2008 में इनकी सरकार थी, उस समय बजट के खर्च को पूरा करने के लिए इन्होंने 1 लाख 27 हजार करोड़ रुपये कर्ज लिया था। वर्तमान में इन्होंने 5 लाख 13 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेकर के खर्च का प्रावधान किया है। वर्ष 2013-2014 के लिए इन्होंने जो बजट पेश किया है उसमें 5 लाख 42 हजार करोड़ रुपये कर्ज लेने की व्यवस्था की है। वर्तमान सरकार " यावज्जीवेत सुखं जीवेत, ऋण कृत्वा घृतं पिवेत" लेकिन सरकार को पीवेत, जनता को इससे कोई लाभ होने वाला नहीं है।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि इनका इस साल का जो खर्च है, जो हिसाब-किताब, लेखा-जोखा मुनीम जी का, इन्होंने पेश किया। इसके लिए आदरणीय लालू सहित बहुत सारे समर्थक पार्टी के सदस्यों ने कहा कि इस बजट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। मैं कहना चाहता हूं कि प्रतिक्रिया तो जीवंतता पर आती है। जो बजट मृत हो, जिस बजट से देश को कोई उम्मीद नहीं हो, उस बजट पर प्रतिक्रिया करने का सवाल कहां उठता है। मंत्री जी ने जो बजट पेश किया उसमें प्लान साइड मात्र बजट का कुल 33 प्रतिशत है और 33 प्रतिशत से ही देश का विकास होना है, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होना है, उद्योग-धंधे लगना है, मैनुफैक्चरिंग में काम होना है, जिससे रोजगार का सृजन होना है। इनके बाकी जितने भी खर्चे हैं वे नान प्लान में हैं। वित्त मंत्री जी का एक कमाल और है। इससे पहले जब बीच में सप्लीमेंटरी बजट ले कर आए थे, उस समय इनका वक्तव्य था कि हमारा फिसकल डेफिसिट इस साल 5.3 प्रतिशत करेंगे। उन्होंने कमाल कर दिया और 5.2 प्रतिशत वर्तमान बजट है, इसमें इन्होंने बजट भाषण में कहा है कि वर्ष 2012-13 में फिसकल डेफिसिट 5.2 प्रतिशत होगा। जबकि अक्तूबर, नवम्बर, दिसम्बर 2012 में फिसकल डेफिसिट छह प्रतिशत के पार जा चुका था। सरकार की विभिन्न एजेंसियों ने इसके संबंध में अपनी रिपोर्ट

दी है। माननीय वित्त मंत्री जी ने 5.2 प्रतिशत पर फिसकल डेफिसिट लाने की बात कही, जबकि इन्होंने ही प्रोग्राम बनाया था कि वर्ष 2012-13 में 5.3 प्रतिशत फिसकल डेफिसिट होगा जो घटते-घटते अगले साल 4.8 प्रतिशत और 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक वर्ष 2017 तक यह तीन प्रतिशत हो जाएगा। इनका जो चमत्कारी हिसाब-किताब है, उसकी वजह से 5.2 प्रतिशत फिसकल डेफिसिट हुआ है। जब हमने वर्तमान बजटीय सत्र का हिसाब-किताब देखा, तो इतना दुख हुआ और देश का हर व्यक्ति दुखी होगा कि वर्ष 2012-13 के लिए 521000 करोड़ रुपए प्लान साइज रखा था, उसमें इन्होंने 91 हजार करोड़ रुपए की कटौती कर दी और इन्होंने इससे अपने फिसकल डेफिसिट को कम्पंसेट करने का काम किया है, जो देश के लिए दुर्भाग्य ही नहीं, बल्कि देश के लिए एक काला अध्याय बन गया है, यह मेरा और दूसरे साथियों का भी मानना है।

सभापति महोदय : मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप बहुत अच्छा बोल रहे हैं, लेकिन पार्टी को आपका नाम पहले देना चाहिए था।

श्री अर्जुन राय : महोदय, मैं अपनी बात जल्दी समाप्त कर दूंगा। आप मुझे बोलने के लिए पांच मिनट दीजिए। आपको नए सदस्यों को प्रोत्साहन देना चाहिए। शरद जी ने बोला, वे लीडर हैं। जैसे कि लालू जी जब चाहे बोल सकते हैं। आप मुझे मात्र तीन मिनट दीजिए।...(व्यवधान)

सभापति जी, मुझे तीन बातें कहनी हैं। देश की अर्थव्यवस्था क्या है, महंगाई कहां पर है और भ्रष्टाचार कहां पर है। सरकार की अर्थव्यवस्था वर्ष 2009-10 में टैक्स के रूप में 624000 करोड़ रुपए प्राप्त किए थे, जो जीडीपी का 9.5 प्रतिशत था। वहीं वर्ष 2013-14 में टैक्स और गैर टैक्स से 1235000 करोड़ रुपए से अधिक आय करने की बात कही, जो जीडीपी का दस प्रतिशत है। जब खर्च की बात कहता हूं, तो 2013-14 में जीडीपी का रेट कम हो रहा है। सरकार कहती है कि अर्थव्यवस्था पटरी पर है, लेकिन जो आंकड़े हैं, उनके मुताबिक इनकी अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। इसके अलावा जो आने वाला फाइनेंशियल ईयर है टैक्स से इनकी आमदनी 884000 करोड़ रुपए होना है। इन्हें मार्केट से जो कर्ज लेना है, वह 542000 करोड़ रुपए है। जितनी आमदनी है उसका साठ प्रतिशत खर्च के लिए ये मार्केट से कर्ज ले रहे हैं। ऐसा कुछ वर्षों से चला आ रहा है और यही कारण है कि वर्ष 2013-14 में जो ब्याज देना है, 16.6 लाख करोड़ रुपयों में 370000 हजार करोड़ रुपया ब्याज अदा करना है। को एक बड़ी राशि जो प्लान साइज में खर्च करनी है, उससे थोड़ी ही कम ब्याज के रूप में देनी है।

मैं महंगाई पर एक मिनट में कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। महंगाई आसमान छू रही है और फूड इंफ्लेशन बढ़ रहा है। यूपीए सरकार वर्ष 2004 में आई- गरीबों की सरकार, गरीबों का साथ, कांग्रेस

का हाथ। लेकिन मैं आपको बता दूं कि 2004 से लेकर 2013 तक महंगाई की क्या स्थिति है? वर्ष 2004 से लेकर 2013 तक खाद्य पदार्थों की कीमतें 113 प्रतिशत बढ़ी है। यह भी अपने आप में इस देश का एक रिकार्ड है और आम आदमी इस तरह से लाचार और विवश हो गया है कि सरकार अब कहती है कि फूड सिक्योरिटी बिल लाएंगे और उसमें 70 प्रतिशत लोगों को लाना है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप एक मिनट में अपनी बात कंक्लूड कीजिए।

श्री अर्जुन राय : अंत में, मैं एक मिनट में इनके पक्ष में बोल देता हूं। भ्रष्टाचार का आलम इतना है कि इनके जो आर्थिक सलाहकार रघुराज नंदन हैं, वे कहते हैं कि विकास भी होगा और भ्रष्टाचार भी होगा लेकिन भ्रष्टाचार बड़ा है, विकास में बाधक है लेकिन सरकार ने जो आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया है, उससे देश को निराशा हुई है। लेकिन तीन काम के लिए माननीय मंत्री जी को हम धन्यवाद देना चाहते हैं जो आपने बजट भाषण में कहा है कि क्रियान्वयन करेंगे। अब क्रियान्वयन क्या करेंगे, यह आप पर निर्भर करता है। एक तो आपने नालंदा यूनिवर्सिटी की चर्चा की कि इसके निर्माण में अपनी सकारात्मकता भूमिका अदा करेंगे। दूसरे, आप केन्द्रीय योजनाओं की खामियों के बारे में बता रहे हैं और राज्यों को उसकी वाजिब ताकत भी देना चाह रहे हैं, यह भी एक पॉजीटिव पहल है। सबसे बड़ी बात आपने पिछड़े क्षेत्रों के विकास और अनुदान शीर्षक के तहत जो पिछड़ेपन को दूर करने के लिए जो मापदंड चेंज करने की बात कही है, जो हमारी पार्टी और हमारे मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी का मुद्दा है कि विशेष कैटेगरी का जो दर्जा देना है, इस पर माननीय मंत्री जी को हम धन्यवाद देते हैं। लेकिन हम बताना चाहेंगे कि 17 तारीख को रामलीला मैदान में एक जबर्दस्त जमघट होने वाला है। इससे पहले बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की घोषणा सरकार करे, यही आपसे आशा है।

* **SHRI NALIN KUMAR KATEEL (DAKSHINA KANNADA) :** The economy of the country during the tenure of the UPA government has been reduced drastically. Our economy is not in a good position. We should not blame circumstances. On the pretext of deterioration of export, rise in budget deficit and current account deficit, the Government cannot escape its responsibility. The global meltdown did have adverse effect on our economy.

* **SHRI K.P. DHANAPALAN (CHALAKUDY) :** I would take this opportunity to congratulate the Government and the Minister for presenting a balanced and perceptive budget. However, it is known to everyone that the global economic recession slowed our economy too after 2010-11. In the current budget, the Finance Minister has made an attempt to keep the fiscal deficit below 5.3% of the GDP. In the budget for 2013-14, the total expenditure is fixed as Rs.16,65,297 crore as against revised estimate of Rs.14,30,825 crore in the previous year. The plan expenditure in 2013-14 will be 29.4% more than the revised estimate of the previous year. It is also to be noted that all the flagship programmes have been adequately funded.

The Hon. Minister has given top priority for education in the Budget and allotted Rs.65,867 crore for the Ministry of Human Resources Development which is 17% more than the revised estimate of the previous year.

Allowing an IIT to Kerala is a long pending request. The hon. Prime Minister has already assured the establishment of IIT in Kerala during the visit to Kerala. However, the same has not found place in the Budget. Hence, I expect that the announcement of IIT for Kerala will be made by the hon. Minister in the reply speech itself.

Even though, the state is far ahead in basic education standards with 100% of literacy, schools in the state face many insufficiencies including buildings and other infrastructure. Hence, I request to allot sufficient funds for developing sufficient infrastructure in school level education in Kerala. Besides, mid-day meal scheme to which Rs.13,215 crore has been allotted may be extended to more students in the higher classes.

'Kudumbasree' is a women oriented, community based self help groups, a mission of Government of Kerala. These self help groups of Kudumbasree have been undertaking several entrepreneurial and other wide range of activities

---

* Speech was laid on the Table.

successfully. I request that the activities connected with National Rural Literacy Mission (NRLM) may be entrusted with Kudumbasree in Kerala.

It is appreciated that the hon. Minister has allocated Rs.37,330 crore for Health and Family Welfare of which the combined National Health Mission will get Rs.21,239 crore which shows an increase of 24.3% over the revised estimate. Government hospitals, primary health centers etc. in Kerala to which the poor people approach for their health care needs faces many problems including insufficient buildings and equipments. I request to allot more funds for the development of Government hospitals and primary health centers in Kerala.

For AYUSH it is seen that an amount of Rs.1069 crores has been allocated. In this context, I would like to inform that for the YUNANI centre which is functioning for many years at Edathala, Aluva in my constituency chalakudy is facing the lack of many infrastructural facilities. I request that sufficient fund may be allotted to the Unani Centre at Edathala.

In Kerala, Anganvadies are functioning in an excellent manner. However, basic facilities like buildings are insufficient and at present most of them are functioning in rented or temporary buildings. Hence, more fund may be allotted to Kerala for constructing own buildings to every Anganvadies.

An amount of Rs.14,873 crore has been allotted for JNNRUM project. I request that sufficient fund may be allotted to corporations, Muncipalities and other Local Self Government institutions to tackle the problem of the management of solid waste. Projects such as biogas plants, power generation may be funded out of this project. Besides, sufficient fund may be allotted for the establishment of CNG plant in Kerala, the estimated cost of which is Rs.1500 crores for solving the hike in Diesel to State Transport Corporation and also to reduce pollution.

Kerala has a number of Public Sector Enterprises like FACT, HMT, TCC, HOC, HIL, etc. However, most of these industries are now in a sinking stage primarily due to hike in fuel and raw materials and also due to dumping of some

products from abroad. These industries are the backbone of Kerala and hence sufficient packages may be announced for saving them from shutting down.

[*] **श्री मधुसूदन यादव (राजनंदगांव)** : मैं यूपीए सरकार के द्वारा प्रस्तुत इस दिशाहीन और निरर्थक बजट का विरोध करता हूँ। यह बजट यूपीए के सक्षम अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री के कार्यकाल का 10वां बजट है और इन दस वर्षो में अर्थव्यवस्था की जो दयनीय हालत हुई है उससे यह साबित होता है कि यूपीए की सारी आर्थिक नीतियां पूरी तरह से असफल हुई हैं। आम जनता पर सब्सिडी खत्म करने के नाम पर आर्थिक बोझ डालने वाली यह सरकार वित्तीय घाटा और चालू खाते का घाटा दोनों को ही निर्धारित सीमा में रखने में असफल हुई है। इस वर्ष के अनुमान के आधार पर 5.5 प्रतिशत की विकास दर और 4.8 प्रतिशत वित्तीय घाटा किसी भी वास्तविक विकास की संभावना को समाप्त कर देता है प्रस्तुत बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने, 70 प्रतिशत आबादी की आजीविका के कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं और समाज के कमजोर वर्गो की पूरी तरह उपेक्षा की गई है।

मैं सर्वप्रथम मनरेगा योजना की ही बात करूंगा। इसके तहत आवंटन गत वर्षो में 40,000 करोड़ रूपये ही सीमित किया गया था, अर्थात् मुद्रास्फीति के आधार पर आवंटन कम ही होता रहा है। परंतु इस वर्ष और घटा कर 33000 करोड़ रूपये कर दिया गया है जो कि 2 र्वा पूर्व ही महंगाई स्तर और दैनिक मजदूरी के दरों के आधार पर वस्तुत आधा ही है। जबकि इसके विपरीत सरकार ने सौ से अधिक नक्सल प्रभावित जिलों में सौ के बजाय 150 दिनों के रोजगार के लक्ष्य रखा गया है इस आधार पर वो यह आवंटन एक बहुत बड़ा धोखा ही है। यूपीए सरकार का एक और बड़ा धोखा ही है, खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लिए किया गया आवंटन। जहां पूरे देश में खाद्य सुरक्षा अधिनियम को लागू करने के लिए स्वयं सरकार की कमेटियां एक लाख करोड़ रूपये सालाना की आवश्यकता बता चुकी हैं, वहां महज 10000 करोड़ रूपये का आवंटन ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

यही नहीं गरीब व्यक्ति को सस्ते दर में अनाज देने के बजाय नगद सब्सिडी देने का अर्थ यह होगा कि उसे बाजार दर पर अनाज खरीदना होगा। आज सस्ते अनाज की पीडीएस व्यवस्था के कारण बाजार में अनाज की दरें नियंत्रित हैं। यदि यह व्यवस्था समाप्त हो गई तो खुले बाजार में अनाज की दरों पर नियंत्रण समाप्त हो जायेगा जिसका पूरा नुकसान गरीब आदमी को होगा महिलाओं के लिए इस बजट में बड़ी बड़ी बातें कही गई हैं, परंतु ध्यान से देखा जाये तो यह भी एक दिखावा है। 1000 करोड़ रूपये सुरक्षा के नाम पर निर्भया फंड हो या महिला बैंक की स्थापना, यह सारे प्रावधान अपर्याप्त हैं । वर्तमान में महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित उपायों के लिए देश की कानून व व्यवस्था की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। यहां प्रति 1000 व्यक्ति पुलिस कर्मियों की संख्या और उसमें भी महिला पुलिस कर्मियों की संख्या पूरे विश्व के

[*] Speech was laid on the Table

न्यूनतम स्तर के आसपास है। यही हाल न्यायालयों का है, जहां त्वरित न्याय होने के लिए न तो आधारभूत संरचना है और न ही पर्याप्त न्यायालय है केन्द्र सरकार अगर इस विषय में कुछ करना चाहती है तो उसे वस्तुतः राज्य सरकारों के इन विषयों पर स्थिति सुधारने के लिए अतिरिक्त आवंटन करना चाहिए। रोजगार के नाम पर 100 करोड़ स्किल डेव्लपमेंट बनाने की घोाणा भी एक और झुनझुना है।

मैं बताना चाहूंगा कि गुजरात की भाजपा सरकार ने स्किल डेवलपमेंट के लिए 800 करोड़ रूपये की राशि राज्य बजट में की है, जबकि केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश के लिए केवल 1000 करोड़ रूपये की आवंटित राशि अपर्याप्त है। जिस तरह केन्द्र सरकार ने कंपनियों पर 10 प्रतिशत सरचार्ज लगाया है, उसका अर्थ साफ है कि आगामी वर्षो में निवेश घटेगा उसका सीधा असर रोजगारों की संख्या पर पड़ेगा अर्थात् कुल जमा यह बजट रोजगार के अवसरों को घटाने वाला ही साबित होगा। सरकार वर्ष भर में कितने युवाओं को रोजगार देगी यह स्पट नहीं है।

किसानों की आत्महत्या की घटना और कई क्षेत्रों में सूखे के प्रकोप के मद्देनजर ऐसा कोई कदम बजट में नहीं दिखाई देता जिससे किसानों की स्थिति में सुधार होने की गुंजाइश हो सके।

विशेष राज्यों के दर्जे के पैमाने में बदलाव भी भेदभाव से भरा है एक तरफ तो सरकार नक्सलवाद को विकास के माध्यम से निपटाना चाहती है, परंतु नक्सल प्रभावित राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देना चाहती। छत्तीसगढ़ जैसा राज्य, जो इस समस्या से अत्यधिक प्रभावित है उन्हें तुरंत विशेष राज्य का दर्जा देकर विकास के लिए अधिक धनराशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

देश में सरकार 8 प्रतिशत की विकास दर लक्ष्य हासिल करना चाहती है, परंतु इन्क्लूसिव ग्रोथ का लक्ष्य हासिल करने के दावों के बीच उसकी नियत ऐसी दिखाई नहीं देती। गरीब आदमी पर बोझ डालना पूंजीपतियों को भ्रष्टाचार के माध्यम से लाभ पहुंचाना चिर-परिचित शैली है।

भू-अधिग्रहण कानून में किसानों को स्थाई रोजगार और शेयर देने जैसे प्रावधान न करना, नये खनिज अधिनियम में 26 प्रतिशत लाभ स्थानीय व्यक्तियों तक पहुंचाने संबंधी प्रावधान नदारद है। लोकपाल अधिनियम हो या ऐसे विधेयक, जिससे स्वच्छ प्रशासन को बल मिले, ये सरकार के एजेंडा में नहीं हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि यूपीए सरकार की सारी आर्थिक नीतियां जनविरोधी और वास्तविकताओं से दूर हैं।

*__श्री चंदूलाल साहू (महासमंद)__ : केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री पी.चिदम्बरम द्वारा प्रस्तुत 2013-14 का आम बजट निराशाजनक एवं जनविरोधी है। आम जनता की बजट के प्रति उत्सुकता लगभग समाप्त हो गई है, क्योंकि केन्द्र की सरकार बजट से पहले ही आम आदमी को हैरत एवं मुश्किल में डालने वाले फैसले ले लेती है। केन्द्र सरकार का लेखा-जोखा मात्र दस्तावेज ही बन कर रह गया है। सरकार ने पैट्रोलियम पदार्थो के मूल्यों पर अपना नियंत्रण खत्म कर तेल कंपनियों को डीजल और एलपीजी की कीमतों को निर्धारित करने की खुली छूट दे दी है। परिणामस्वरूप डीजल की कीमत प्रतिमाह बढ़ाने की घोषणा भी कर दी है। राशनयुक्त सिलेंडरों की संख्या 12 से घटाकर 6 कर दिया और जन दबाव के बाद 6 से 9 कर दिया गया। रेल किराये एवं भाड़े में बजट से पूर्व वृद्धि कर दिया गया, ताकि बजट के दिन सरकार की आलोचना न हो।

आसमान छूती महंगाई से जूझ रहा हर आदमी इससे निजात पाना चाहता है। किंतु बजट में महंगाई कम करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण कर पाना इस सरकार के वश की बात नहीं है और एक से बढ़कर एक भ्रटाचार उजागर होते जा रहे हैं। विदेशों में जमा काले धन पर सरकार ने आंख मूंद ली है। किसान चाहता है कि उसे अपनी फसल की अच्छी कीमत मिले, लागत मूल्य घटे, सिंचाई सुविधा बढ़े, किंतु सरकार ने फसल की निर्धारित मूल्य वृद्धि पर कोई ध्यान नहीं दिया। सिंचाई रकबा बढ़ाने आदि महत्वपूर्ण योजना पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। किसानों की ऋण माफी योजना भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गई है।

देश इस समय महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते राजकोीय घाटे, मुद्रा स्फीति, इत्यादि कई समस्याओं से जूझ रहा है। किंतु प्रस्तुत बजट में इस क्षेत्र पर कोई कारगर प्रयास नहीं किया गया है।

देश में इस समय राजकोीय घाटे के कारण सरकार को विदेशी बैंक एवं रिजर्व बैंक से ऋण लेना पड़ रहा है और ब्याज दरों के बढ़ने के कारण निवेश घट रहा है। औद्योगिक विकास में ग्रोथ रेट लगभग शून्य पर पहुंच रहा है। अब वित्त मंत्री के पास बजट के माध्यम से कुछ खास कर सकने की संभावनाएं भी नहीं हैं। किंतु एक सोच जरूर दिखाई दे रही है कि चुनावी वर्ा में आम जनता को खुश फहमी कैसे रखा जाये। इसके लिए सरकार ने पहले से ही कैश सब्सिडी का शिगूफा छोड़ दिया है। इसके लिए आधार कार्ड के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे सब्सिडी पहुंचाने का काम आगे बढ़ाया जायेगा। किंतु इनमें बहुत सारी दिक्कते आयेंगी। अधिकांश लाभार्थियों का बैंक खाता ही नहीं है और यह योजना अमलीजामा तक पहुंचते पहुंचते दम तोड़ देगी।

---

* Speech was laid on the Table

इस बजट भाषण के माध्यम से मेरा निम्न महत्वपूर्ण मांगे एव सुझाव हैं -

1. छत्तीसगढ प्रदेश में पिछले वर्ष 9 नये जिलों का गठन किया गया, जिसमें अति पिछड़ा जिला - गरियाबंद सुकुमा, कोंडा गांव, बलरामपुर एवं सूरजपुर को बी.आर.जी.एफ. योजना में सम्मिलित कर आवंटन दिया जाए।
2. छत्तीसगढ के नवगठित जिले को आईएपी योजना के अंतर्गत सम्मिलित कर आवंटन दिया जाए।
3. प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ प्रदेश को भी आवंटन दिया जाए।
4. छत्तीसगढ प्रदेश नक्सलवादी समस्या से जूझ रहा है। नक्सल उन्मूलन हेतु तैनात केन्द्रीय बलों के तैनाती व्यय को पूर्णतः केन्द्रीय सरकार वहन करे।
5. पुलिस बल आधुनिकीकरण में योगदान हेतु केन्द्रांश राशि में वृद्धि की जाए।
6. छत्तीसगढ में रायपुर से धमतरी जाने वाली सड़क, जिसकी दूरी 81 किमी है, उसको फोर लेन में बदला जावे।
7. दैनिक उपयोग एवं खाने पीने के सामान को टैक्स फ्री किया जाए।
8. वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि कर कम से कम 2000 रूपये किया जाए।
9. राशनयुक्त सिलेंडरों की संख्या 9 से बढ़ाकर कम से कम 12 सिलेंडर की जाए।

पुलीन बिहारी बासके (झाड़ग्राम): सभापति जी, आपने मुझे जनरल बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। वित्त मंत्री जी द्वारा जिस तरीके से यह बजट प्रस्तुत किया गया है, हालांकि देखा जाए तो बजट बहुत ही अच्छा है। लेकिन अगर आप डिटेल में जाएंगे तो पता चलेगा कि इसके अंदर क्या है। आप सभी को मालूम है कि नक्सलाइट एक्टिविटीज़ बढ़ती जा रही हैं। मैं सिर्फ एक-दो बिंदुओं पर बोलना चाहूंगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए जो प्रावधान है, सन् 1970 में प्लॉनिंग कमीशन द्वारा जो ट्राइबल सब-प्लॉन का प्रावधान रखा गया है कि सन् 2001 की सेंसस के हिसाब से ट्राइबल पॉप्युलेशन 8.2 प्रतिशत है। इसके हिसाब से ट्राइबल सब-प्लान के लिए जो हिस्सा आता है, उसे देखा जाये तो वर्ष 2010-11 में केवल 3.09 परसेंट दिया है और 18,004 करोड़ से डिप्राइव्ड किया है। वर्ष 2013-14 में देखा जाये तो 10 हजार करोड़ से ज्यादा डिप्राइव्ड किया है। कुल मिलाकर इन चार वर्षों में देखा जाये तो जो हिस्सा मिलना चाहिए था, ट्राइबल सब-प्लान में 50 हजार करोड़ से ज्यादा से डिप्राइव्ड किया गया है।

महोदय, शैड्यूल कास्ट्स के लिए शैड्यूल कास्ट्स सब-प्लान में 16 परसेंट हिस्सा होना चाहिए था। अगर इसी बजट में देखा जाये तो 41, 561 करोड़ किया गया है, जिसमें 9.72 परसेंट हिस्सा आता है। विगत वर्षों में जो अलोकेशन हुआ था, इस वर्ष उससे भी कम है। इसी हिसाब से पिछले चार वर्षों में जो डिप्राइव्ड अमाउंट है, वर्ष 2010-11 में 25 हजार करोड़ से डिप्राइव्ड हुआ है, वर्ष 2011-12 में 23 हजार करोड़ से हुआ है, वर्ष 2012-13 में 26 हजार करोड़ से डिप्राइव्ड हुआ है और वर्ष 2013-14 में 26 हजार करोड़ से डिप्राइव्ड हुआ है। कुल मिलाकर एक लाख करोड़ से ज्यादा से डिप्राइव्ड हुआ है। शैड्यूल कास्ट्स, शैड्यूल ट्राइब्स कुल मिलाकर के एक लाख 52 हजार करोड़ से वंचित हुए हैं। इसका फायदा किसको मिल रहा है, फायदा नक्सलाइट को मिल रहा है। इसीलिए आपको इंटीग्रेटेड एक्शन प्लान लेना पड़ता है। अगर देखा जाये तो जो 84 नक्सलाइट इफेक्टिड एरियाज हैं, उनके लिए आपको बजट करना पड़ता है।

महोदय, माइनर फॉरेस्ट प्रोडक्ट्स के लिए कोई भी मिनिमम सपोर्ट प्राइस नहीं है। ज्यादातर आदिवासी लोग इसके ऊपर निर्भर हैं। हक कमेटी ने बताया कि 20 हजार करोड़ का प्रावधान 11वीं पंचवर्षीय योजना में रखा जाये, लेकिन 12वें वित्त आयोग में देखा जाये तो केवल दो हजार करोड़ रूपया रखा गया है। इसलिए समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप जो ट्राइबल छात्रों को दी जाती है, उसमें हर महीने 120 रूपये मिलते हैं। इसलिए ट्राइबल लोगों की सबसे खराब स्थिति है। जो छात्र हॉस्टल में रहते हैं, उन्हें मात्र 25 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से मिलते हैं। आज जिस तरीके से आवश्यक

वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं, उस हिसाब से इस पैसे में कुछ भी नहीं आ रहा है। अगर पेंशन को देखा जाये तो बंगाल में जब लेफ्ट सरकार थी, तब हर ट्राइबल को ओल्ड ऐज पेंशन में हजार रूपये दिया गया था, आज देखा जाये तो उन्हें कुछ भी पेंशन नहीं मिल रही है। पेंशन के लिए केवल 200 रूपया रखा है, इसे अभी बढ़ाकर 300 रूपया किया गया है, इससे क्या होगा? यह बहुत मिजरेबल कंडीशन है। इसे देखना पड़ेगा। रूरल डेवलपमेंट में मनरेगा के तहत देखा जाये तो जितना बजट दिया गया है, वह बहुत ही कम है। पांच करोड़ जॉब कार्ड होल्डर्स की डिमांड है, लेकिन बजट में आपने केवल 33 हजार करोड़ रूपये रखे हैं, यह बहुत ही कम है। इसका बजट उतना होना चाहिए था, जितनी डिमांड हो रही है। इसके साथ 100 दिन और मिनिमम जो 150 रूपये वेजेज है, कुल मिलाकर कम से कम 75 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान होना चाहिए था। इसकी जगह आपने 33000 करोड़ रुपये दिये हैं जो बहुत की कम हैं। इंदिरा आवास में कम से कम एक लाख रुपये होने चाहिए थे, लेकिन आप बढ़ाकर भी 75000 रुपये दे रहे हैं। वह भी कम है। प्रधान मंत्री सड़क योजना में कोई भी काम ठीक से नहीं हो रहा है। इसलिए देखा जाए तो यह भी कम है। ...(व्यवधान)

स्वास्थ्य सेवाओं की तो बहुत ही दयनीय दशा है। स्टेट और डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स का इनफ्रास्ट्रक्चर बहुत कम है। इनफैन्ट मॉर्टैलिटी रेट को घटाया जाना चाहिए और जो आशा हैल्थ वर्कर्स हैं, उनका रैन्यूमरेशन बढ़ाया जाना चाहिए।

सभापति जी, इन्हीं बातों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

*__श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर)__ समाज के हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आम आदमी के हित में जो बजट पेश किया गया है उससे ग्रामीण विकास को और गति मिल सकेगी।

कृषि, पशुपालन देश की अर्थव्यवस्था की नींव है। महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में सत्तर से नब्बे प्रतिशत तक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली आबादी की आय का मुख्य स्रोत कृषि ही है। सरकार द्वारा काश्तकारों के लिए सस्ती दर पर ऋण सुविधा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे इन्हें बहुत संबल मिल रहा है। हमारे क्षेत्र की शीत लहर एवं पाला को प्राकृतिक आपदा में शामिल करने की मांग सरकार द्वारा पूरी कर ली गई है, इसके लिए मैं आभारी हूं। मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर-जैसलमेर जिलों में फसल बीमा योजना को मौसम आधारित के स्थान पर क्रॉप कटिंग आधारित लागू किया जाकर काश्तकारों को राहत दिलवाई जाये। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के गठन के घोषणा स्वागत योग्य है।

बजट 2013-14 का व्यापक लक्ष्य के रूप में युवाओं के स्वावलम्बन हेतु शिक्षा व दक्षता को बढ़ावा देना रखा गया है। यह वर्तमान समय की मुख्य मांग व आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर-जैसलमेर जिलों में तेल, गैस, ऊर्जा इकाइयां कार्यरत हैं लेकिन उनमें कार्य करने हेतु हमारे क्षेत्र के युवाओं में दक्षता का अभाव है। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु कार्य योजना निर्धारण से पूर्व क्षेत्रीय जरूरत को ध्यान रखा जाए।

हमारी सरकार द्वारा आम आदमी की जरूरतों के मुताबिक योजनाएं लागू की जा रही हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना जैसी योजनाएं ग्रामीणों के लिए वरदान बन गई है। ग्रामीण विकास योजनाओं में मनरेगा, पीएमजीएसवाई और इंदिरा आवास याजना हेतु बजट प्रावधानों में 46 प्रतिशत की वृद्धि की गई इससे ग्रामीण विकास कार्यो में और गति आयेगी। मैं कहना चाहूंगा कि इंदिरा गांधी आवास योजना एवं राजस्थान में हमारी सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्य मंत्री बीपीएल आवास योजना के माध्यम से आगामी वर्ष तक मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर जिले में सभी बीपीएल परिवारों को आवास उपलब्ध हो जायेंगे।

मैं केन्द्र की यूपीए सरकार का प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी एवं यूपीए अध्यक्षा सोनिया गांधी का धन्यवाद व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने नरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को देश में आरम्भ किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध होने के साथ ही संसाधन तैयार हुए हैं।

---

* Speech was laid on the Table

ग्रामीण विकास योजनाओं में जन भागीदारी आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़ी संख्या में टांके बनाये गये हैं। इन टांकों में जो निजी टांके बनाये गये हैं उनकी सही सार संभाल के कारण उनकी उपयोगिता है, वहीं जो सार्वजनिक टांके बिना जन भागीदारी के बनाये गये हैं वे उपयोगी नहीं हो रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि जन स्वीकृति से योजनाएं बनें। मैंने पूर्व में अनुरोध किया कि गांवों के लिए योजना गांव से ही बननी चाहिए। गांव स्तर पर ग्राम सभाओं में ग्रामीणों से ही सामूहिक रूप से आवश्यकता एवं प्राथमिकता के अनुसार कार्य सुझाव प्राप्त कर गांव, ब्लॉक, जिले की योजना बननी चाहिए।

मैंने मेरे निजी सदस्य विधेयक के माध्यम से मरु प्रदेश में रहने वाले लोगों का देश के अन्य भागों में रहने वाले लोगों की तरह सामाजिक आर्थिक विकास हेतु समर्थ बनाने के लिए आर्थिक पैकेज की मांग सदन में रखते हुए मरूस्थलीय स्थिति एवं समस्याओं से सदन को अवगत कराया था। मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर-जैसलमेर जिलों में लोग सुदूर फैली हुई ढ़ाणियों में निवास करते हैं। बाड़मेर में प्रति वर्ग किमी 92 लोग निवास कर रहे हैं। ऐसे में अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जल जैसी आवश्यक सुविधा पहुंचाना बहुत कठिन कार्य है। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि रेगिस्तानी क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित करने हेतु पूर्वोत्तर क्षेत्रों की भांति विशेष पैकेज घोषित किया जाये।

सरकार द्वारा विशेष परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने के मानदंडों में बदलाव की स्वीकृति दी है। उस अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु अतिरिक्त बजट आवंटन एवं स्वास्थ्य केन्द्र संरचनात्मक निर्माण हेतु भी बजट आवंटन करवाया जाये। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से कई बीपीएल परिवार विद्युतीकरण से वंचित रह गये हैं वहीं हजारों नये चिंहित बीपीएल परिवारों को भी विद्युतीकरण योजना से जोड़ा जाना है। पेयजल योजनाओं में सरकार द्वारा मेरे क्षेत्र को तरजीह दी जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर जिले के समस्त गांवों को जोड़ने हेतु इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं नर्मदा नहर परियोजना से स्वीकृति दिलवाने के लिए मैं यूपीए अध्यक्षा माननीया सोनिया गांधी जी, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का आभारी हूं। अंत में मैं माननीय वित्त मंत्री का धन्यवाद देते हुए तहेदिल से समर्थन करता हूं।

*श्री देवजी एम.पटेल (जालौर) सबसे पहले मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने अपना आठवां आम बजट पेश किया तथा 2014 को आम चुनावों से पहले यह आखिरी बजट है। आज पिछले आठ नौ वर्षो में देश की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। इस सरकार का यह आखिरी बजट था। इससे आम आदमी को बहुत ही उम्मीद थी। आज जनता खाद्य पदार्थो की महंगी कीमतों से लड़ रही है। महंगाई चरम पर है। देश की जनता 28 फरवरी से बहुत ही उम्मीद लगायी थी। परंतु इस बजट ने बहुत ही निराश किया है। मैं मानता हूं कि पूरी दुनिया आर्थिक मंदी से जूझ रही है लेकिन अमेरिका, चीन भी अपने बजट में रक्षा पर कटौती नहीं किया। परंतु सच्चाई है भारत में दुनिया की मंदी का असर कम ही रहा है। हमारे देश में प्रारंभ से ही बजट की प्रवृत्ति है। देश के अंदर देखें तो छत्तीसगढ़ राज्य का बजट में आम जनता को खाद्य उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों का मुख्य पेशा कृषि है। साथ ही साथ, भारत में लोकतंत्र है। जनतंत्र में संख्या बल का ध्यान रखा जाता है। उनके लिए नियम नीतियां बनाई जाती हैं और भारत में सबसे उपेक्षित आज किसान हैं, कृषि है। सबसे ज्यादा राजनीति किसानों के नाम पर ही की जाती है। देश के कृषि सेक्टर को इस कदर बदहाल कर दिया है कि कोई बुरी खबर अब हमें चौकाती नहीं है। इस वर्ष 2012-13 के वित्तीय वर्ष में कृषि सैक्टर की ग्रोथ रेट 1.8 प्रतिशत रही है। यह कृषि सैक्टर की बदतर स्थिति का सबूत है। ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च वाला पैसा 46 प्रतिशत बढ़ जायेगा। यह अच्छी बात है, लेकिन मैं आपको 2008 में ले जाना चाहता हूं। चिदंबरम साहब उस समय वित्त मंत्री थे। तब उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी। परंतु हम सब जानते हैं कि इस घोषणा से कांग्रेस पार्टी को फायदा हुआ। आज सीएजी इस पर सवाल उठा रहा है। क्या वाकई किसानों को कर्जमाफी का पूरा पैसा मिला और जरूरतमंद किसानों तक पहूंचा। 2011 से 2012 के बीच 90 हजार खातों के निरीक्षण के बाद सीएजी के अनुसार 34 प्रतिशत किसानों को फायदा नहीं मिला। 13 प्रतिशत गलत लोगों ने लिया। मेरे क्षेत्र के किसानों ने समय पर अपना कर्ज वापस किया, परंतु सरकार ने इन्हें भी धोखा दिया। भारत सरकार के वित्तीय वर्ष 2011-12 के बजट में अल्पकालीन कृषि फसली ऋणों का किसानों द्वारा समय पर चुकता करने पर कृषकों को 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान (सब्सिडी) देने का प्रावधान किया गया था। जोकि नियमानुसार वित्त मंत्रालय द्वारा नाबार्ड के माध्यम से अनुदान राशि जारी करनी थी। उक्त घोषणा के अनुरूप किसानों को 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप राशि दिनांक 01.04.2012 को प्राप्त होनी थी। जोकि अभी तक कृषकों को प्राप्त नहीं हुई है। राजस्थान के सहकारी बैंकों द्वारा वितरित कृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान

* Speech was laid on the Table

की राशि लगभग 103.00 करोड़ बनती है। जोकि भारत सरकार द्वारा नाबार्ड के माध्यम से जारी करनी थी, लेकिन वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के उपरांत भी अभी तक जारी नहीं की गई। आज बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि यह एक राष्ट्रीय शर्म की बात है कि हिन्दुस्तान में प्रति महीने 70 किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश के किसान अपने कर्ज के लिए अपनी किडनी बेच रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

कृषि सेक्टर की दूसरी समस्या है, कृषि जोत निरंतर घट रही है। 1970-71 में 2.28 थी, वही आज 2010-11 में यह घट कर 1.16 रह गयी है। किसानों को उपज की उचित कीमत नहीं मिल रही है। भले ही मिनिमम सपोर्ट प्राइस डिकिलियिर कर दिया जाता है यह सच्चाई है। अगर दाम 1300 रूपए है तो बिचौलिया 700-800 रूपए में खरीदते हैं। दिन भर खेत पर काम करने वाले किसान को उतना ही नहीं मिलता, जितना घरेलू नोकरानी प्रतिदिन एक घंटे काम करके कमा लेती है। इस देश में किसानों को उसके परिश्रम का दाम नहीं मिल रहा है। 18 से 20 घंटे काम करने के बाद उनके श्रम का कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। इसके अलावा किसानों को समय पर बीज नहीं मिलते। खाद, यूरिया की कालाबाजारी के साथ -साथ मौसम की मार, कभी सूखा तो कभी ओला, का सामना करना पड़ता है। फसलों का बीमा सही तरीके से नहीं होता है। सरकार आजादी के 65 वर्षो बाद भी किसानों के खेतों के लिए सिंचाई तक की व्यवस्था नहीं कर पाई है। सिंचाई सुविधाओं के बिना कृषि सेक्टर का विकास संभव ही नहीं है। किन्तु सरकार योजनाओं में सिंचाई को प्राथमिकता ही नहीं दे रही है। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है जबकि माननीय उच्च न्यायालय ने भी इसकी वकालत की है।

आज एक तरफ किसानों को पैदावार का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है, तो दूसरी तरफ आम आदमी को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। मेरा सुझाव है जनता को खाद्य पदार्थो की महंगी कीमतों से राहत पहुंचाने के लिए दो काम किए जा सकते हैं । एक, सरकार फल सब्जियों की आपूर्ति तंत्र में सुधार करे और किसान के खेत से खाद्य वस्तुओं को बरबाद होने से पहले कम दाम पर उपभोक्ता तक पहुंचाने का इंतजाम करे। दूसरा, अर्थव्यवस्था में नकदी की आमदनी में इजाफा किया जाए ताकि लोग सस्ती ब्याज दरों पर पैसा लेकर महंगाई से लड़ सकें। सरकार बजट से पहले या बजट में पहला काम आपूर्ति तंत्र में निवेश कर सकती थी, लेकिन यूपीए सरकार का कहना है कि यह काम हम नहीं वॉलमार्ट, टेस्को और कोरफोर जैसी रिटेल कंपनियां करेंगी।

यह तथ्य केन्द्र सरकार से भी छिपा नहीं है कि राजस्थान का 66 प्रतिशत हिस्सा मरूस्थलीय है। देश में उपलब्ध कुल जल संसाधनों का केवल एक प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में है। इतने गंभीर संकट को भी केन्द्र सरकार द्वारा नोटिस में नहीं लेना एक प्रकार से असंवेदनशील है। केन्द्र सरकार इससे भी परिचित

है कि राज्य के अधिकांश ब्लॉक डार्क जोन में जा चुके हैं और वहां जल दोहन खतरे की घंटी है। राज्य के 1 लाख 22 हजार गांवों में से 32 हजार गांव पेयजल समस्या से ग्रस्त हैं। जालोर- सिरोही जिला में दो हजार से ज्यादा गांवों के पानी में मानक से ज्यादा फ्लोराइड है। सालों से फ्लोराइड पानी पी रहे क्षेत्रवासियों के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा तथा तत्कालीन मुख्य मंत्री राजस्थान, श्रीमती वसुन्धरा जी के प्रयास से लगभग 600 करोड़ की लागत से नर्मदा का प्रोजेक्ट लाया गया, जिससे नहर आने के बाद स्वच्छ पानी पीने की उम्मीद तो जगी लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के चलते अब तक यह उम्मीद साकार रूप नहीं ले पाई है। नर्मदा नहर परियोजना करीब सात साल पूर्व जिले के साचोर में श्रीगणेश कर दिया, लेकिन नर्मदा का नीर क्षेत्रवासियों की हलक से अभी काफी दूर है। नर्मदा नहर का एफ आर प्रोजेक्ट 2006-2007 में बनाया गया लेकिन तैतरोल में एफ आर प्रोजेक्ट अटक गया। गत वर्ष भूमि अधिग्रहण के बाद भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण नर्मदा नहर कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इस नहर का अतिरिक्त पानी लुणी नदी में छोड़ देते हैं जिससे इस क्षेत्र में बाढ आ जाती है। जिस पानी से प्यास बुझनी चाहिए वह पानी लोगों की जान ले रहा है।

शिक्षा का अधिकार कानून लागू कर दिया, परंतु इसके फायदे गरीब व ग्रामीण छात्रों को नहीं मिल रहा है। 25 प्रतिशत नामांकन गरीब छात्रों को निजी विद्यालय में लेना अनिवार्य किया है। इसमें सेम वार्ड का होना अनिवार्य कर दिया है। यह महानगरों में ठीक हो सकता है परंतु इस सुविधा से ग्रामीण छात्र वंचित रह जाते हैं। अतः शिक्षा का अधिकार कानून से सेम वार्ड की अनिवार्यता को खत्म करने की जरूरत है जिससे ग्रामीण छात्र अपनी तहसील और जिला केन्द्र पर निजी विद्यालयों में अपना नामांकन करा सकें। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति और भी खराब है। अनेक विद्यालयों के पास अपना भवन नहीं है। छात्रों को खुले आसमान के नीचे शिक्षा लेनी पड़ रही है। अब सरकार ने परीक्षा प्रणाली में बदलाव किया है। इसके तहत 8वीं तक छात्रों को फेल नहीं करेगी, जिससे इन छात्रों में पढ़ने की प्रवृति खत्म हो जायेगी। जब यह छात्र आगे पढ़ाई करना चाहेगा तो वह निश्चित रूप से फेल हो जायेगा। शिक्षा क्षेत्र में यह एक बहुत बड़ी साजिश चल रही है। अतः मेरी मांग है कि जालोर -सिराही जिले को पेयजल, प्राथमिक शिक्षा व प्राथमिक चिकित्सा के लिए विशेष पैकेज दिया जाये।

* **SHRI A. SAMPATH (ATTINGAL) :** The General Budget 2013-14 lacks the political will and the vision to cater the problems faced by the Indian Economy. While all the nations which were subject to the brunt of the global economic slow down, Indian economy was insulated to a certain extent due to the strong presence of the public sector. But our Finance Minister is over ambitious to disinvest, if not to dismantle the public sector. From a period of 9% rate of growth and 5% inflation, we are moving to a terrain of less than 5% of rate of growth and double digit inflation.

The decline in the household financial savings to a twenty year low is a serious concern. Given the growing instances of insider trading in the bourses, as well as the recent revelation of insurance misspelling costing the consumers to the tune of 1.3 trillion rupees, how do we expect the households to trust any financial products. The deregulatory environment mess in the financial system has pushed the households away from financial savings resulting in this situation. What remedy this budget has provided to the households? Last year the amount of revenue forgone was to the tune of rupees five lakh crores. This year, it has gone to six and quarter lakh crores. The large industrial houses and big corporate houses are snatching away this huge sum as incentives. The rich corporates with millions in their undistributed profits are refusing to invest. The small and medium enterprises are having no relief on the interest rate front. The Government should at least go for a big hike in capital expenditure, just like other countries in Asia are doing, lest the recessionary tendency in the economy gets worse.

Our trade deficit is increasing. What happened to the “incentives” received for exports? The Indians working abroad send home billions of dollars every year without any “incentives”. Why our Government is still hesitant to solve the problems of the NRIs? Why the millions of Indians abroad are still denied of their political right to vote in the elections in India? The GOI is concerned about their money but not about their issues. It seems that the efforts of the Government in the

* Speech was laid on the Table.

form of tax concession to the corporates seems not have worked. On the other hand, it would be best, in case the Government goes in for upscaling the levels of capital formation in the economy by raising the capital expenditure; the apex of GDP ratio is far lower than the interest payment to GDP ratio.

This budget has no concrete proposals for the uplifting of the primary sector and the poor and oppressed. The stagnation in the agricultural sector has led to the stagnation in the industrial sector also. More public expenditure is needed in the primary sector. No PPPs are coming to save the farmers from committing suicide. Agricultural credit facilities at 4% per annum should be provided to all farmers including paultry, dairy, fisheries and horticulture. Unless and until sufficient technology transfer and the infrastructural facilities are provided no giant leap can be achieved in agriculture. The inflation of the consumer goods, especially the retail prices of cereals and pulses, fuel and energy, not to say about medicines; have become intolerable. This budget once more adds fuel to the fire and thereby throwing the common man from the frying pan to the burning fire.

The FM was silent on land reforms and it is almost impossible to achieve the end with a meager sum of rupees 300 crores. Whenever there is a bumper harvest the Government claims that it is due to their credit and whenever there is a crop failure the Government blames the rains. Even after 65 years of independence and 58 years of planning, are we still hiding behind the term "gamble with the monsoons"? I do not see any courage on the part of the FM when he expects that about 40% of the total investment during the 12th Five Year Plan would come from private sector. It is simply a wish without any basis? Out of the 11,42,520 schools we have 4,13,226 which don't have even a girl's toilet. 73,532 schools do not have safe drinking water facility and 1,61,947 schools don't have boy's toilets. The present norms of SSA, RMSA, etc. do not provide for allocation of funds for the construction of infrastructural facilities in aided schools. In my state Kerala, 60% of the total schools are in Government aided sector. The PMGSY has to be modified taking into account the geographical as well as demographic features of

each and every state. During the last three years my state, Kerala received only less than 1% of the total PMGSY funds; about Rs.446 crores out of 53175 crores! Other centrally sponsored schemes are also undermining the very basic principles of federalism. Indian Union doesn't mean the Union Government alone. I hope I need not remind a senior lawyer of the nation who happened to be our FM that the Article 1 of the Constitution of India says that India shall be a Union of states. Why even the approach paper to the twelfth Five Year Plan could not be discussed in the Parliament even after one year of the Plan already lapsed.

"The poverty line" has become a cruel joke of the Government upon the people. Even while the number of poor is increasing, the Government is altering and if not manipulating, the poverty line to claim that the number above the APL is increasing. As per Tendulkar Committee Report March 19, 2012. Planning Commission released poverty estimates for 2009-10. Poverty line estimated as MPCE of Rs.673 for rural areas and Rs.860 for urban areas in 2009-10. This is unacceptable as this is without any relation to the ground realities of the Indian families. This budget is the fourth one of the UPA –II. The food security of the nation is in peril. The unemployment is increasing, about 1.5 million vacancies are yet to be filled up under various GOI departments and PSUs.

There is no justification for the rise in the fuel prices. The largest chunk is taxes, levies, surcharges, etc. of the Government. Our petroleum sector is at the mercy of the private players. This is not doing its duty. It is creating the situation of state sponsored inflation. Hence I object the budget.

[*] **SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI(VIZIANAGARAM) :** At the very outset, I extend my support to this year's Budget. This United Progressive Alliance Government II is about to complete 9 years under the able leadership of both Dr. Manmohan Singh and Smt. Sonia Gandhi. We are hopeful of forming the UPA III Government too after the General Elections by merely highlighting as to what we did for the people of this country in different fronts.

No one can deny the fact that the United Progressive Alliance Government II has surpassed the performance of UPA I Government by implementing various schemes and programmes aimed at the poor and needy.

Now, I would like to highlight a few of the good announcements made by the hon. Finance Minister, Shri P. Chidambaram. There are several reasons for somewhat slow economic growth. One of the reasons, according to me, is bad weather which is a spoiler. The Opposition and media too started speculating on the eve of presentation of Budget and afterwards that general elections are looming on the Indian horizon.

I welcome SC/ST sub-plan. For the welfare of those people like our OBC people set up an OBC sub-plan to prove our concern to all sections across the country.

Under the present scenario, steering the Indian economy is a herculean task, which I think, our Finance Minister has done justice in a given situation. I can say without any hesitation that this year's Budget is a balanced budget, and he made efforts to reboot the economic growth.

Considerable funds have been earmarked for important projects and for different sectors. For example, Metro has received a sum of Rs.7,701 crores for Phase III. I welcome it.

One feature which irks me is the burden on middle class. Middle class would be paying more. Instead rich should be asked to pay more as meals in air-

---

[*] Speech was laid on the Table.

conditioned restaurants, cell phones have become costlier. In this hike in prices, SUVs, cigarettes and cigars too became costlier.

Considered as superrich tax, 10% surcharge has been imposed on incomes over Rs.10 crore per annum for fiscal 2013-14 invoking the spirit of Azim Premji.

Another redeeming feature of this Budget is that we, the women of this country, take pride in the announcement of the Finance Minister that Women's bank would be set up soon and a sum of Rs.1,000 crore capital has been allocated as its corpus. We welcome this gesture on the part of the Finance Minister as well as the UPA II Government.

Another important announcement of setting up of a Nirbhaya Fund is welcomed by women of the country as it is concerning the safety of women. A sum of Rs.1,000 crore has been allocated.

For those who wanted to own house, can now opt for housing loans up to Rs.25 lakh. This is a welcome step. Luxury houses would cost more.

One important announcement made by the Finance Minister is that he would announce more measures while replying to the debate, which I think, would address many of the genuine issues expressed by the Members of Parliament, cutting across party affiliations.

Hon. Finance Minister has very generously allocated funds for education – education budget has gone up by 17%. Like wise, Ministry of Home Affairs budget has gone up by 18%; Defence by Rs.2 lakh crores; Ministry of Women and Child Development has got a hike of 11.7 per cent and would now get Rs.17,700 crore.

A lot of allocations have been made to extend benefits to poor, youth and women. I welcome it.

Now, I turn my attention to my parliamentary constituency, Vizianagarm and Vizianagaram district of Andhra Pradesh. About transportation, I would like to strongly urge upon the Central Government and the hon. Finance Minister on two important issues. Firstly, there is an urgent need for allotment of new buses to

APSRTC, an Andhra Pradesh run Transport Corporation, under JNNURM Scheme (Phase II). As you are aware, we have been requesting for approximately 800 new buses for 4 cities like Hyderabad, Vijayawada, Visakapatnam, Tirupathi in Andhra Pradesh. Hence, I would request for allocation of more funds and more buses to APSRTC under JNNURM.

Secondly, APSRTC is facing financial burden to the tune of Rs.715 crore per annum due to constant increase in diesel prices. There is an increase of Rs.11.80 per litre. This is over and above retail consumer price. Hence, I would request the Government to review this aspect.

My parliamentary constituency, Vizianagaram have a population of over 15 lakhs; if you put together the Vizianagaram district, it comes to 25 lakhs.

Now, I come to Self Help Groups (SHGs). There is a need to strengthen SHGs in Andhra Pradesh. I would take pride in informing the august House and the hon. Minister that Vizianagaram, though a backward district, in Andhra Pradesh, has been certified by the World Bank as the first place in the world for repayment to SHGs. Here, I would like to request the hon. Finance Minister who has announced a pilot project of Women's Bank, while welcoming it wholeheartedly, I would strongly urge him to locate Regional Women's Bank in Vizianagaram.

Then, I come to the setting up of a Central University for Women in Vizianagarm. There is no university for women in Vizianagarm. Andhra Pradesh comes first in imparting education in the country. There is already a PG Centre in Vizianagaram. Here, I would like to stress that land is already available and our Andhra Pradesh Government is ready to extend all possible assistance in this regard. Hence, this PG Centre may kindly be converted into a Central University for Women, as there is a strong demand from the people of my parliamentary constituency and Vizianagaram district people.

There is huge drop outs among girl child, particularly after 10th class. There is a need for self-sustainability in girl child. Girl child should be motivated further to take up vocational education.

There is a need and request for setting up of Greenfield airport, as Vizianagaram district covers almost 72 kms. of 293 kms. of coastal area of Andhra Pradesh. I hope the hon. Minister would consider this request for setting up jetties for welfare of fishermen brothers and for piloting Marine police.

There is an acute shortage of power in every part of the country and Andhra Pradesh is no exception. Here, I would like to suggest that the Government should give much needed fillip to the renewable energy projects, either under PPP mode or otherwise, as the same would help resolve the acute power situation in the country. The Government should take the advantage of large stretches of coastal belt which is lying idle and make announcement setting up of various renewable wind energy projects without any further delay.

This Budget has given a lot of emphasis on Renewable Energy. Efforts are on to reuse municipal solid waste to generate energy. We welcome it. An amount of Rs.800 crore has been allocated for wind energy projects. Much more impetus and fillip is required to be given to renewable energy sources.

Powering 1,000 level crossings by solar power is an innovative measure. We fully appreciate the initiative of the Government. An amount of Rs.19,113 crore in the 12th Plan is allocated. I hope it would help the Government to tide over the ever growing energy requirement of the country.

Another important demand of establishing of CDS canteen, which would address the concern of 25,000 Defence personnel families, which includes widows and senior citizens. Vizianagaram district covers Parvathipuram, Saluru, Cheepuripalli, Bobbili Municipality Limits. Vizianagaram limits are close to cities of Odisha like Sunabeda, Koraput and also close to Srikakulam district border. It is not out of place to mention here that these ex-servicemen who are mostly senior citizens and windows find considerable difficulty to reach

Visakhapatnam CSD canteen, which is 3 or 4 hours away by bus from Vizianagaram.

Likewise, I would like to stress on demand of the District Ex-Servicemen Welfare Association, Vizianagaram Town, Andhra Pradesh who have been approaching me with memorandums and being their parliamentary representatives, it is my bounden duty to redress their genuine grievances. It is my bounden duty to take it up with the concerned authorities. Therefore, I would strongly urge the Government to establish CSD canteen facilities in Vizianagaram Town, Andhra Pradesh.

Likewise, there is another important grievance of Ex-Servicemen/widows/service personnel of Vizianagarm District of Andhra Pradesh concerning my parliamentary constituency. About 25,000 Defence personnel families are facing problems due to non-availability of ECHS Poly Clinic facilities in Vizianagaram. Vizianagaram District covers Parvathipuram, Saluru, Cheepuripalli, Bobbili Municipality Limits.

Vizianagaram limits are close to cities of Odisha like Sunabeda, Koraput and also close to Srikakulam district border. Hence, I would plead with the Government that considering the hardship of Ex-servicemen who are mostly senior citizens and widows to reach Vizakhapatnam ECHS polyclinic, a new ECHS polyclinic may be set up at Vizianagarm without any further delay.

There is an urgent need to set up more Krishi Vigyan Kendras in Vizianagaram district as the same would give much needed fillip to the agricultural sector in the region.

There is already a Scientific Research Centre located in Cheepurapalli Assembly Constituency of my parliamentary constituency, Vizianagaram but it is required to be upgraded. Likewise, we have a college for animal husbandry and diary in Garividi, Vizianagaram district. As land is already available, I would request the Government to upgrade this college to a major Veterinary College. Here, I would like to emphasise that our Andhra Pradesh Government would

extend all types of assistance in setting up of such a Veterinary College in Vizianagaram.

I would like to stress on huge cattle population in Vizianagaram district. An astronomical 5 lakh litres of milk is produced here. We have agricultural based industries, dairy farming in plenty. Hence, by giving special attention, a Research Centre with state of art facilities be set up on priority basis.

Now, I come to minority population in my parliamentary constituency. Micro credit and schemes for further improving education needs to be given importance for the benefits of minorities from Muslims, Christians, Buddhists, etc. Special focus is required to improve the infrastructure in educational sector.

Another important aspect is that only one youth hostel has been planned in Vizianagaram. I don't think it has been constructed. With growing youth population and youth aiming for academic excellence and career option and employment opportunities flowing from different parts of the country in Vizianagaram district, there is an urgent need to construct more youth hostels in my parliamentary constituency.

Then, I come to small and marginal farmers, who depend on agricultural farms. We, in Vizianagaram, have more than 11,800 tanks and wells. Here, the main occupation is agriculture and horticulture and they also depend on rainfall. These small and marginal farmers use renewable energy. Hence, more water solar pumps should be allocated in my parliamentary constituency for small and marginal farmers. When Bihar and Rajasthan are getting allocations of more and more Water Solar Pumps from the Central Government, why should Andhra Pradesh and Vizianagaram district be deprived of such an allocation?

MGNREGA is benefiting everyone. It has come as a breathe of fresh air. Even opposition parties are appreciating its utility. I would strongly urge the Finance Minister to also include agricultural works in MGNREGA so that small and marginal farmers benefit out of it.

I am appreciating our Government for showing concern about workers, helpers and teachers under ICDS, an honorary amount of Rs.1,500 is provided. This was initiated by the UPA I Government. This amount should be increased to Rs.2,500/- by considering the spiraling prices of essential commodities.

I would not hesitate to plead with the Government to allocate more salary to the workers under ASHA scheme.

I would also request the government to construct Working Women's Hostel in each of the 6 Assembly Constituency of my parliamentary constituency, Vizianagaram.

About expansion of NH-5 to West Bengal. I would like to request that enough funds may be granted to expand NH-5 from Vizianagaram to (Rajapulova) via Nellimarala constituency and up to Etcherla constituency. Already land is available. Hence, I would urge the Government to integrate this considering the huge traffic on NH-5 up to four to six lanes.

With the Land Acquisition Bill, Women's Reservation Bill, Lokpal and Lokayukta Bills, Judicial Accountability Bill and other important Bills for passage in this Budget Session, I am hopeful that this Government would further serve the people of this country and comeback to power after the general elections, whenever they are held.

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): सभापति जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरी पहली मांग है कि आप समय मत काटिए और बार-बार घंटी मत बजाइए क्योंकि जनरल बजट पर डिसकशन साल में एक बार आता है। ...(व्यवधान) यह ठीक नहीं है। मैं गाँव से आता हूँ, और किसान हूँ। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : If you complete your speech within three minutes, I will not ring the bell. If you do not complete, then I will have to ring the bell.

श्री नृपेन्द्र नाथ राय : मैं जल्दी समाप्त करूँगा लेकिन आप बार-बार घंटी मत बजाइए, यह मेरी मांग है। वैसे जो जनरल बजट पर बहुत कुछ बोलने को है, लेकिन मैं किसान हूँ तो किसान की बात करूँगा। महोदय, वित्त मंत्री जी ने खुद किसानों को धन्यवाद दिया है कि उनकी मेहनत और परिश्रम से हमारे देश की फसल का उत्पादन बढ़ा है। किसान की मेहनत से ही यह संभव हुआ है। हमार देश में 60-65 प्रतिशत लोग किसान हैं। इनका विकास होने का अर्थ है देश का विकास। टैक्नीक और इंजीनियरिंग के क्षेत्रों में भी हम विकास चाहते हैं लेकिन पहले किसान का विकास होना चाहिए। खुद वित्त मंत्री ने कहा है कि चावल, दाल गेहूं, जूट के उत्पादन में हम दुनिया में आगे हैं। फिर उन्होंने ज़िक्र किया कि यूपीए सरकार ने किसानों की फसलों का मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ाया। जब किसान की फसल बाज़ार में मंदा बिकती है तो सरकार की तरफ से क्या किया जाता है? मंत्री जी ने ज़िक्र किया कि हम जूट के उत्पादन में विश्व में सबसे आगे हैं। इससे हमें विदेशी मुद्रा भी मिलती है। कल हमने ज़ीरो आवर में भी कहा था कि 2009-10 में जो फर्टिलाइज़र के दाम थे, 50 किलो का बैग 500 रुपये में मिलता था और 2012-13 में 1200 रुपये उसका दाम हो गया। 50 किलो फर्टिलाइज़र बैग के दाम बढ़कर 1200 रुपये हो गए और आपने एक क्विंटल जूट का दाम कितना किया - 2200 रुपये। जब किसान खेत में मज़दूरी करता है, मेहनत करता है, फसल को ले जाने का किराया लगाता है, तब उसको कितने रुपये लगते हैं शायद यह वित्त मंत्री जी नहीं जानते हैं। वे कागज़ों पर तथ्यों से अपनी बात लिखते हैं। मेरी मांग है कि जूट की एम.एस.पी. 5000 रुपये प्रति क्विंटल करें। गेहूँ, धान, गन्ने की एम.एस.पी. भी बढ़ाई जाए। आज महंगाई बढ़ती जा रही है। आप देखिए कि नए साल में इनकी बाज़ार दर कितनी थी और अब कितनी है । मैं अमरीका और यूरोप की ग्रोथ के बारे में नहीं जानता हूँ। मैं अमरीकावासी नहीं हूँ, यूरोप का भी नहीं हूँ।

वित्त मंत्री ने कहा कि हम किसानों के लिए हरित क्रांति लाए। पूर्व में बिहार, बंगाल, झारखंड और असम है। 2007 में माननीय प्रियरंजन दासमुंशी जी ने इस सदन में घोषणा कर पंजाब में भाखड़ा-नंगल, आंध्र प्रदेश में नागार्जुन, और पश्चिम बंगाल तथा उत्तर बंगाल में जो तिस्ता बैरेज है, उसको नेशनल प्रोजैक्ट घोषित कर दिया। 7 अगस्त, 2007 को इस सदन में श्री प्रियरंजन दासमुंशी ने इस सदन में यह घोषणा

की। आज उनका स्वास्थ्य खराब है। मैं चाहता हूँ कि ईश्वर उनका भला करे। हरित क्रांति आई है। वित्त मंत्री जी ने हज़ारों करोड़ रुपये का बजट रखा है लेकिन सैस के लिए कोई एक्स्ट्रा राशि नहीं रखी। इसलिए मेरी मांग है कि जब आप हरित क्रांति चाहते हैं पूर्वी भारत की ।

